वर्ष 24, अंक 187, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 15 जनवरी 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## माघ मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब,

### मकर संक्रांति पर लाखों श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई डुबकी





**प्रयागराज** में विश्व प्रसिद्ध माघ मेले का आयोजन 3 जनवरी को पौष पूर्णिमा के पावन स्नान पर्व के साथ भव्य रूप से शुरू हो चुका है. संगम की पवित्र रेती पर श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है. देश-विदेश से आए लाखों श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं.

आज एकादशी के पावन पर्व के अवसर पर भी संगम तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है. सुबह से ही घाटों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है और ह्लहर हर गंगेह्व के जयघोष से पूरा मेला क्षेत्र गूंज रहा है. श्रद्धालु स्नान, दान और पूजा-अर्चना कर आध्यात्मिक शांति का अनुभव कर रहे हैं.

**मकर संक्रांति पर दुर्लभ संयोग**

मकर संक्रांति को लेकर इस बार श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है. मकर संक्रांति पर स्नान का शुभ मुहूर्त रात 12 बजकर 03 मिनट से प्रारंभ होकर 16 जनवरी की रात 12 बजकर 03 मिनट तक रहेगा. इस वर्ष मकर संक्रांति के दिन एक दुर्लभ संयोग भी बन रहा है, क्योंकि इसी दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करेंगे. ज्योतिषाचार्यों के अनुसार यह संयोग अत्यंत शुभ माना जा रहा है, जिससे मकर संक्रांति पर किए गए स्नान और दान का विशेष पुण्य फल प्राप्त होगा.

**अब तक 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया स्नान**

प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, बीती रात 12 बजे से लेकर अब तक 50 लाख से अधिक श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं. लगातार बढ़ रही भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है. शहर और मेला क्षेत्र में कई स्थानों पर रूट डायवर्जन लागू किए गए हैं, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे.

**कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, एआई कैमरों से निगरानी**

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए घाटों पर एनडीआरएफ, जल पुलिस, आरएएफ और स्थानीय पुलिस बल की तैनाती की गई है. इसके साथ ही माघ मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए 300 से अधिक अत्याधुनिक एआई कैमरे लगाए गए हैं. पूरे मेले पर नजर रखने के लिए तीन सीसीटीवी कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं, जहां से 24 घंटे निगरानी की जा रही है.

**डेढ़ से दो करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान**

प्रशासन का अनुमान है कि एकादशी और मकर संक्रांति के पर्व को लेकर कुल डेढ़ से दो करोड़ श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच सकते हैं. इसे देखते हुए स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा और यातायात से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को व्यापक रूप से सुदृढ़ किया गया है. प्रशासन का दावा है कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित माघ मेले का अनुभव कराने के लिए हर स्तर पर पूरी तैयारी कर ली गई है.

## प्रयागराजः 20 जनवरी तक सभी स्कूलों की छुट्टी

### मकर संक्रांति-मौनी अमावस्या स्नान के चलते फैसला


**प्रयागराज**

**मकर** संक्रांति और मौनी अमावस्या स्नानों को लेकर प्रयागराज के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया. 16 जनवरी से 20 जनवरी तक कक्षा 1 से 12 तक के सभी बोर्डों के स्कूल बंद रहेंगे. भीड़भाड़ और यातायात प्रतिबंधों के चलते ये फैसला लिया गया. डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर डीआईओएस पीएन सिंह ने आदेश किया. इस आदेश का सख्ती से अनुपालन का निर्देश दिया गया है.

प्रयागराज में माघ मेला चल रहा है. मकर संक्रांति और षटतिला एकादशी के शुभ संयोग की वजह से संगम पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है. बुधवार सुबह 8 बजे तक ही करीब 15 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान कर आस्था का अनुभव लिया. इस दौरान युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई संगम में डुबकी लगाता हुआ नजर आया.है.

**2 करोड़ से ज्यादा लोगों के डुबकी लगाने का अनुमान**

वहीं, इस बार मकर संक्रांति स्नान पर्व पर अनुमान है कि 2 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में डुबकी लगाएंगे.ऐसे में सुरक्षा-व्यवस्था भी बहुत सख्त है. पुलिस और सुरक्षा बल हर जगह तैनात हैं. मेला प्रशासन ने 13 जनवरी से ही चार पहिया वाहनों की एंट्री बैन कर दी है, ताकि जगह-जगह भीड़ नियंत्रण में रहे.पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार ने बताया कि संगम तट पर घुड़सवार पुलिस, फुट पेट्रोलिंग, जल पुलिस और आरएएफ जवान पूरे एहतियात के साथ काम कर रहे हैं.



**बाडराज कंपनी भी तैनात**

साथ ही बाडराज कंपनी भी लगी हुई है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो. उन्होंने बताया कि भीड़ को सुगमता से संगम तक लाने और वहां से वापस उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए विशेष डायवर्जन प्लान बनाया गया है.कमिश्नर ने कहा कि अभी भीड़ अच्छी है और सभी लोग सुरक्षित हैं.

**एआई कैमरों के जरिए भीड़ की लगातार मॉनिटरिंग**

हालांकि यदि भविष्य में भीड़ और बढ़ती है, तो आपातकालीन योजनाएं तैयार हैं. एआई कैमरों के जरिए भीड़ की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और उसी के आधार पर प्रशासन आवश्यक कदम उठा रहा है.गौरतलब है कि 23 साल बाद मकर संक्रांति पर एकादशी का दुर्लभ संयोग बना है, जिस वजह से इस दिन स्नान का महत्व कई गुना बढ़ गया है.

इस मौके पर लोग सिर्फ प्रयागराज ही नहीं, बल्कि वाराणसी, अयोध्या और मथुरा जैसे धार्मिक शहरों से भी अपने-अपने घाटों पर पहुंच रहे हैं. हर जगह श्रद्धालुओं का हुजूम आस्था की गूंज और भक्तिभाव का प्रतीक बनता दिख रहा है।

## फिर हो गयी भारत और अमेरिका में दोस्ती

### अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

**नई दिल्ली**

**भारत** में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना परिचय पत्र सौंपा। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में सर्जियो गोर से उनका परिचय पत्र स्वीकार किया। बयान में कहा गया है कि गोर के अलावा त्रिनिदाद और टोबैगो गणराज्य के उच्चायुक्त चंद्रदाथ सिंह और ऑस्ट्रिया गणराज्य के राजदूत रॉबर्ट जिस्चग ने भी राष्ट्रपति मुर्मू को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए।

हम आपको बता दें कि गोर ने पिछले साल नवंबर के मध्य में भारत में अमेरिका के राजदूत के रूप में शपथ ली थी। अमेरिकी सीनेट ने पिछले साल अक्टूबर में उनकी नियुक्ति की पुष्टि की थी। गोर ने इस सप्ताह सोमवार को दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में अपना पद संभाला था। इससे पहले वह वह ह्यव्हाइट हाउसह्ल के कार्मिक निदेशक के रूप में कार्यरत थे। पद संभालने के बाद पहले बयान में उन्होंने दोनों देशों के तनावपूर्ण संबंधों को फिर से सुधारने के इरादे का संकेत देते हुए कहा था कि अमेरिका के लिए भारत जितना आवश्यक कोई देश



नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा था कि दोनों पक्ष व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत हैं।

सर्जियो गोर ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच की दोस्ती पूरी तरह वास्तविक है और यही मित्रता भारत-अमेरिका के मजबूत द्विपक्षीय संबंधों की आधारशिला है। सर्जियो गोर ने स्पष्ट किया कि उन्होंने स्वयं ट्रंप के साथ दुनिया भर में काम किया है और उनके अनुभव के आधार पर यह कहना गलत नहीं होगा कि ट्रंप और मोदी के बीच व्यक्तिगत स्तर पर गहरा विश्वास और सम्मान है। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के बीच संवाद हमेशा स्पष्ट और सीधे रहा है।

राजदूत गोर ने माना कि किसी भी मजबूत साझेदारी में कभी-कभी मतभेद सामने आते हैं, विशेष रूप से व्यापार जैसे संवेदनशील मुद्दों पर। लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे मतभेद रिश्तों को कमजोर नहीं करते, बल्कि परिपक्व बातचीत के जरिये समाधान की दिशा में ले जाते हैं। उनका कहना था कि भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वाताएँ जटिल जरूर हैं, लेकिन दोनों देश इन्हें सफल निष्कर्ष तक पहुँचाने के लिए गंभीर प्रयास कर रहे हैं।

सर्जियो गोर ने भारत को अमेरिका के लिए ह्लअत्यंत आवश्यक साझेदारह्व बताते हुए कहा कि वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि अमेरिका के लिए भारत जैसा भरोसेमंद और रणनीतिक सहयोगी कोई दूसरा नहीं है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते केवल व्यापार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि रक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे कई अहम क्षेत्रों तक फैले हुए हैं।

राजदूत गोर ने यह भी जानकारी दी कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर लगातार बातचीत चल रही है। उन्होंने स्वीकार किया कि यह प्रक्रिया आसान नहीं है, लेकिन दोनों पक्षों की मंशा सकारात्मक है और आगे बढ़ने की दिशा में काम हो रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले समय में व्यापार वार्ता को लेकर और प्रगति देखने को मिल सकती है। देखा जाये तो अमेरिकी राजदूत के बयान से यह स्पष्ट होता है कि ट्रंप-मोदी की व्यक्तिगत दोस्ती केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि भारत-अमेरिका संबंधों की ठोस बुनियाद है। व्यापार जैसे जटिल मुद्दों पर असहमति के बावजूद, दोनों देश सहयोग, संवाद और साझेदारी के रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह रिश्ता आने वाले वर्षों में वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## हिंदुत्व हमारी 'आत्मा', वोट के लिए दिखावा नहीं करते

**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को इस बात पर जोर दिया कि उनकी पार्टी ने कभी भी हिंदुत्व का दिखावा करके वोट नहीं मांगे हैं, और इस विचारधारा को अपनी आत्मा बताया। एएनआई से बात करते हुए फडणवीस ने कहा कि हिंदुत्व मराठी समाज में गहराई से समाया हुआ है और उनकी पार्टी हर समुदाय की परंपराओं और मान्यताओं का सम्मान करती है।

देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हिंदुत्व हमारी आत्मा है। हमने कभी भी हिंदुत्व का 'दिखावा' करके वोट नहीं मांगे हैं। हमने तो बस हिंदुत्व का पालन किया है। क्या कोई मराठी व्यक्ति हिंदुत्व में विश्वास नहीं करता? हम हर जाति के हिंदुत्व का सम्मान करते हैं और उनकी अपनी परंपराओं के अनुसार उसका पालन करते हैं।



हिजाब पहनने वाली महिला के महापौर बनने के संबंध में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की हालिया टिप्पणी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए, फडणवीस ने कहा कि "मराठी मुसलमानों" के साथ गठबंधन करके हिजाब पहनने वाली महिला को महापौर बनाने का दावा करना मराठी लोगों की पहचान (अस्मिता) को गुमराह करता है। फडणवीस ने कहा, "लेकिन जब कोई 'मराठी मुसलमानों' के साथ गठबंधन करके हिजाब पहनने वाली महिला को महापौर बनाने का दावा करता है और मराठी लोगों की पहचान (अस्मिता) को गुमराह करता है, तब हमें यह स्पष्ट करना होगा कि हिंदुत्व वास्तव में क्या है। तभी हम हिंदुत्व की बात जनता के सामने रखते हैं।" फडणवीस ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधते हुए उन पर चुनावी लाभ के लिए एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए हिंदुत्व को त्यागने का आरोप लगाया। पूजा स्थलों के बाहर लगे लाउडस्पीकरों के मुद्दे पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार ने बालासाहेब ठाकरे की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए कानून और सर्वोच्च न्यायालय के दिशानिर्देशों के अनुसार उन्हें हटवा दिया है।

## देहरादून में जिला प्रशासन की अवैध शस्त्र रखने वालों पर कार्रवाई

**देहरादून**

**देहरादून** में अवैध और अनियमित रूप से शस्त्र रखने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है. जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर कुल 827 शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं. यह कार्रवाई आयुध (संशोधन) नियमझ्र2019 और गृह मंत्रालय के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के तहत की गई है.

**आयुध अधिनियम, 1959 की धारा-03 में हुआ संशोधन**

जिलाधिकारी ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा आयुध अधिनियम, 1959 की धाराझ्र03 में संशोधन करते हुए एक व्यक्ति द्वारा रखे जाने वाले शस्त्रों की अधिकतम संख्या तीन से घटाकर दो निर्धारित की गई है.

इसके बावजूद जिले में कई शस्त्र लाइसेंस धारक निर्धारित मानकों का उल्लंघन कर रहे थे. ऐसे मामलों में प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए दो से अधिक शस्त्र रखने वाले 54 शस्त्र धारकों के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं।

## भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन की ताजपोशी तय

### पीएम मोदी बनेंगे पहले प्रस्तावक



**नई दिल्ली**

**नितिन** नवीन, जिन्हें दिसंबर में पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया था, 19 जनवरी को अपना नामांकन दाखिल करेंगे और 20 जनवरी को अध्यक्ष चुने जाने की संभावना है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, भाजपा शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्रियों, सभी राज्य भाजपा अध्यक्षों, राष्ट्रीय पदाधिकारियों और वरिष्ठ भाजपा नेताओं को दिल्ली में उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। भाजपा के मुख्य चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नाम की घोषणा करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए तीन सेट नामांकन दाखिल किए जाएंगे। एक सेट पर 20 से अधिक निर्वाचित राज्य भाजपा अध्यक्षों के हस्ताक्षर होंगे। दूसरे सेट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा के हस्ताक्षर होंगे।

तीसरे सेट पर भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के हस्ताक्षर होंगे। सूत्रों के अनुसार, यदि केवल एक ही नाम नामांकित होता है, तो राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की घोषणा उसी दिन कर दी जाएगी। सूत्रों ने आगे बताया कि भाजपा अध्यक्ष चुनाव की तैयारियों के संबंध में जेपी नड्डा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक शुरू हो गई है। कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन, बी.एल. संतोष, सुनील बंसल, अरुण सिंह और तरुण चुघ बैठक में उपस्थित हैं।

## 5 साल पुराने मामले में DNA रिपोर्ट ने बदली केस की दिशा

**शाहजहांपुर**

**शाहजहांपुर** जिले में पांच साल पहले दुकान में आग लगने के बाद उसमें से जो अवशेष मिला था वह एक युवक का था. हाल में मिली डीएनए रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी. डीएनए रिपोर्ट में अवशेष 18 वर्षीय किशोर की होने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है.

पुलिस ने बताया कि जिले के थाना रोजा अंतर्गत एक मोबाइल फोन की दुकान में 19 दिसंबर 2020 की रात में आग लग गई थी. उसने बताया कि 20 दिसंबर की सुबह दुकान में जला हुआ अवशेष मिला था जिसे कथित तौर पर जानवर का बता कर फिकवा दिया गया था. हालांकि, पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा इनसान के अवशेष बताए जाने पर पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया.

**घटना स्थल से मिला था धातु का कड़ा और बेल्ट के टुकड़े**

पुलिस ने घटनास्थल से एक धातु का कड़ा और बेल्ट के टुकड़े भी बरामद किए थे. बाद में इन वस्तुओं की पहचान अभिषेक यादव (18) के सामान के तौर पर हुई।

## मतदान से पहले राज ठाकरे की MNS को लगा बड़ा झटका

**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** नगर निगम चुनावों से पहले, बॉम्बे उच्च न्यायालय ने कई वार्डों में निर्विरोध निर्वाचित उम्मीदवारों के संबंध में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। न्यायालय ने ऐसी निर्विरोध जीत को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि मौजूदा कानूनों के तहत, बिना मतदान के उम्मीदवारों को निर्वाचित घोषित करना वैध है।

**याचिका किस बारे में थी?**

यह याचिका महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के नेता अविनाश जाधव ने दायर की थी। उन्होंने तर्क दिया कि बिना मतदान



कराए उम्मीदवारों को विजेता घोषित करना लोकतांत्रिक सिद्धांतों के विरुद्ध है। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया कि कुछ क्षेत्रों में, अन्य उम्मीदवारों ने दबाव या प्रलोभन के कारण अपना नामांकन वापस ले लिया, जिससे कोई मुकाबला नहीं रह गया।

**अदालत ने दलीलें खारिज कीं**

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने इन दावों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। अदालत ने पाया कि याचिकाकर्ता आरोपों के समर्थन में ठोस और विश्वसनीय सबूत पेश करने में विफल रहा है। अदालत ने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया कानून के अनुसार चल रही है और अदालत के हस्तक्षेप का कोई कारण नहीं है। अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि किसी वार्ड में केवल एक ही वैध उम्मीदवार हो, तो उस उम्मीदवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित करना चुनाव कानूनों के अनुरूप है। वर्तमान व्यवस्था के तहत यह प्रक्रिया कानूनी रूप से मान्य है। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को भविष्य में ऐसे मामलों में जिम्मेदारी से अदालत का रुख करने की सलाह भी दी।

# तालाब में डूबे चार बालक चारों की मौत, घर में मचा कोहराम







अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जनपद के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के अहमदपुर पावन गांव के मजरा हुसैनपुर के चार बालक 13 जनवरी की शाम लगभग 3:00 बजे खेत में चना का साग खाने गए थे। चना का साग खाने के बाद चारों बालक तालाब की तरफ चले गए लेकिन उसके बाद चारों बालक गायब हो गए और उनका कुछ पता नहीं चला। जब बालक घर नहीं पहुंचे तो परिवार के लोग बालक की खोजबीन करने लगे। 14 जनवरी की सुबह चारों बालकों का शव तालाब में मिला है। ग्रामीणों की मदद से बालकों के शव को तालाब से बाहर निकल गया। तालाब से बाहर एक साथ चार शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने बालकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि परिवार के लोगों ने बालकों की हत्या कर तालाब में फेकने का आरोप लगाया है।

जानकारी के मुताबिक पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के अहमदपुर पावन गांव के मजरा हुसैनपुर के प्रदीप सोनकर के बेटे प्रतीक सोनकर उम्र 11 वर्ष और प्रिंस सोनकर उम्र 10 वर्ष अपने ही परिवार के प्रियांशु सोनकर उम्र 11 वर्ष और करन सोनकर उम्र 19 वर्ष के साथ 13 जनवरी की दोपहर लगभग 3:00 बजे घर से खेत की और चना का साग खाने गए थे। चारों बालक खेत की ओर जाने के बाद अचानक लापता हो गए और वापस घर नहीं पहुंचे हैं। चारों बालक के वापस न पहुंचने पर परिवार के लोग परेशान हो गए और बालक को खोजने लगे। मामले की सूचना परिवार के लोगों ने थाना पुलिस को दी। पुलिस ने भी खोजबीन की लेकिन पूरी रात बालकों का कहीं सुराग नहीं लगा।

14 जनवरी को बालकों का शव ईट भट्ठा के पास तालाब में दिखाई पड़ा है जिस पर ग्रामीणों की मदद से बच्चों के शव को तालाब से बाहर निकाला गया है। चार बच्चों की मौत की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर गांव के साथ-साथ अगल-बगल के गांव के लोगों का हुजूम मौके पर उमड़ पड़ा। चार बच्चों की मौत के बाद सभी चेहरे पर दुख दिखाई पड़ रहा था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बालकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चार बच्चों की एक साथ मौत के बाद पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे गांव में शोक की लहर है। प्रदीप सोनकर ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बच्चों की हत्या किए जाने का आरोप लगाया लेकिन हत्या का अभी तक कोई कारण स्पष्ट नहीं हो रहा है। बच्चों की मौत कैसे हुई है यह पुलिस की जांच का विषय है।थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद बच्चों की मौत से पर्दा उठेगा।

## न्यूज झरोखा

### वार्षिक श्राद्ध पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक फूलपुर व अन्य ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन



सहसों। गारापुर गांव के मजरा सिताऊ का पूरा निवासी राजेंद्र प्रसाद दुबे की सौ वर्षीया माता स्वर्गीया चंद्रपति देवी के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर मंगलवार को शोक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं गणमान्य पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पहुंचे फूलपुर विधायक दीपक पटेल, बहरिया ब्लॉक प्रमुख शशांक मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष गंगापार अशफाक अहमद, कांग्रेस विधानसभा प्रभारी अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, अधिवक्ता संतोष शुक्ला एवं अन्य ने स्व. चंद्रपति देवी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पिंटू नेता, प्रमोद त्रिपाठी आजाद, मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, संदीप दुबे, रवि दुबे, शिव नारायण सिंह गप्पू, शास्वत तिवारी, पप्पू मिश्रा, रामदत्त तिवारी, विजय तिवारी, राजेश द्विवेदी, राजेंद्र केसरवानी, राजू तिवारी, संजय सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### सहसों में शोकाकुल परिवारों से मिलकर फूलपुर सांसद ने जताया शोक संवेदना

**सहसों।** विकासखंड बहादुरपुर के ग्राम सभा सहसों में रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत अरुण कुमार पांडे की पत्नी 32 वर्षीया पूजा पांडे के असामयिक निधन पर फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल उनके आवास पहुंचकर एकादशाह संस्कार कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरा दुःख व्यक्त किया। इसी क्रम में सांसद प्रवीण पटेल सहसों बाजार स्थित व्यवसायी विजय कुमार तिवारी गुड्डू के आवास भी पहुंचे, जहां उन्होंने उनकी माता 90 वर्षीय गुलाब कली के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद ने दोनों परिवारों को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर शोक व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से प्रमुख फूलपुर विपेंद्र सिंह पटेल, अधिवक्ता प्रेमचंद्र पांडे, चंद्र नारायण दुबे पिंटू, प्रमोद त्रिपाठी आजाद, जय प्रकाश दुबे, वीरेंद्र बहादुर सिंह, चंद्रधर द्विवेदी, मनीष तिवारी, संदीप द्विवेदी, मनोज सिंह, रमाकांत पांडे, डॉ. कृष्ण चंद्र पांडेय, विनय पांडे, निखिल पांडे, राजेंद्र तिवारी, प्रिंस तिवारी सहित आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

### नैनी मंडल द्वारा नए मतदाता फॉर्म न -6 भराया गया



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के हनुमान नगर में भारतीय जनता पार्टी नैनी मंडल द्वारा बूथ संख्या 415, 416, 41, 418 में भारत निर्वाचन आयोग नए मतदाता फॉर्म न -6 भराया गया। लोगों को समझाया गया कि आप इसको भर कर जमा कर दें ताकि आपका नाम वोटर लिस्ट में जुड़ सके। इस मौके पर पूर्व नैनी मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, भारतीय जनता पार्टी पूर्व महानगर अध्यक्ष नरसिंह भाजपा सहयोजक घनश्याम जायसवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष व पार्षद राकेश जयसवाल, पार्षद अनुप पासी, सेक्टर संयोजक जय कृष्ण तिवारी, विनोद जायसवाल, रानू त्रिपाठी, धर्मराज पटेल आदि लोग शामिल थे।

# भारतगंज सभासद की मां और भाई उमरा के लिए रवाना नगर पंचायत अध्यक्ष फरा बेगम ने खुशी-खुशी दी विदाई

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** भारतगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 की सभासद तबस्सुम अंसारी की मां राशिदा बेगम और छोटे भाई अधिवक्ता नूर मोहम्मद अंसारी उमरा के लिए रवाना हुए।

कस्बे की नगर पंचायत अध्यक्ष फरा बेगम, जो जमीर अहमद उर्फ आमिर शकील की पत्नी हैं, ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और हर्षोल्लास के साथ विदाई दी। इस अवसर पर हाजी जमाल अहमद ने बताया कि उमरा हज इस्लाम धर्म में एक महत्वपूर्ण यात्रा है, जिसे मुसलमानों के लिए एक धार्मिक कर्तव्य माना जाता है। यह सऊदी अरब के मक्का स्थित काबा शरीफ की यात्रा है, जो इस्लाम का सबसे पवित्र स्थल है। उमरा हज के लिए व्यक्ति का मुसलमान, बुद्धिमान और आर्थिक रूप से सक्षम होना आवश्यक है। इसमें इहराम की स्थिति में विशेष कपड़े पहनना, काबा शरीफ का तवाफ करना और सफा-मरवा पहाड़ियों के बीच सई करना जैसे चरण शामिल हैं। विदाई समारोह में जावेद खान, अरशद सिद्दीकी, महबूब अंसारी, शबनम अंसारी, चांद मोहम्मद उर्फ चंदू, शाहिद हसन अंसारी,शमसुल हक अंसारी, रमजान अंसारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। उन्होंने गाजे-बाजे के साथ अपने गांव और कस्बे से उन्हें विदा किया।

# एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष के अपमान के विरोध में फूलपुर तहसील में कांग्रेस का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार द्वारा जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में पार्टी कारकताओं ने फूलपुर तहसील प्रांगण में बुधवार को वाराणसी पुलिस द्वारा एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी का अपमान किए जाने के मामले में विरोध प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी फूलपुर को उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के नाम 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा और तत्काल कार्यवाही तथा दोषी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त कर मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की गई। इस अवसर पर गंगापार जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराध और गुंडागर्दी चरम पर है। जनता अपनी बात किसी भी अधिकारी से नहीं कर पा रही है आज स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। जनता अपनी बात जनतांत्रिक तरीके से शासन और प्रशासन के सामने ले जाना चाहती है तो हिंसात्मक तरीके से पुलिस द्वारा लाठी चार्ज कर दमनात्मक तरीके से दबा दिया जाता है। जिससे भाजपा के काले कारनामों को जनता के बीच ना ले जाया जा सके। ज्ञात हो कि एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी शांतिपूर्वक अपने साथियों के साथ अपनी बात प्रशासनिक अधिकारियों के बीच रखना चाहते थे उसी समय इशारा पाकर वाराणसी पुलिस ने अपमानजनक तरीके से उन्हें गिरफ्तार कर सड़क पर मारापीट करते हुए उनके साथ दुर्व्यवहार किया। कांग्रेस पार्टी इस घटना की भर्त्सना और कटु निंदा करती है। गंगापार जिला अध्यक्ष ने कहा जब तक मामले में दोषी वाराणसी पुलिस कर्मियों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर उन्हें बर्खास्त नहीं किया जाता तब तक कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से विधानसभा प्रभारी देवराज उपाध्याय, निशा सिंह, महासचिव सत्यनारायण पाण्डेय मुन्ना, सुनील पाण्डेय, सायरा आयशा, सुभाष चन्द्र यादव, आनंद प्रताप सिंह, प्रदीप पाण्डेय, सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, पूर्व प्रमुख शिवराम दुबे, सूफिया बानो, मंजू देवी, सितारा देवी, सविता देवी, पुष्पा चौधरी, उर्मिला सिंह, सुनीता देवी, सहाना बेगम, अनवार मिस्त्री, वीरेंद्र प्रताप सिंह, राधा रमण यादव, आजाद आलम, डा.अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

# नागरिक पीजी कॉलेज जंघई के छात्र ने बेंगलुरु में जीता कांस्य पदक



**जंघई।** 12 से 16 जनवरी तक राजीव गांधी यूनिवर्सिटी आफ हेल्थ साइंस कर्नाटक बेंगलुरु में चल रही आल इंडिया अंतर-विश्व विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई के बीए पंचम सेमेस्टर के छात्र सतीश कुमार वर्मा ने 21 किलोमीटर हॉफ मैराथन में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के लिए पहला कांस्य पदक जीतकर अपने महाविद्यालय का नाम इंडियन यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एसोशिएसन में दर्ज करा दिया। सतीश की इस असाधारण उपलब्धि पर प्रबंधक पंडित परशुराम त्रिपाठी, प्राचार्य नीरज एवं शारीरिक शिक्षा व खेलकूद विभाग प्रभारी डॉ बृजेश कुमार यादव एवं समस्त शिक्षकों ने सतीश को बधाई एवं आशीर्वाद दिया है।

# बेबसों की उम्मीद बने शांडिल्य दुर्गेश मानवता की मिसाल बनी कम्बल सेवा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कहा जाता है कि दीन-हीन और असहाय की सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है। इसी भाव को आत्मसात किए हुए शांडिल्य दुर्गेश आज प्रयागराज में मानवता की एक सशक्त आवाज बनकर उभरे हैं। भगवती विंध्यवासिनी में अटूट आस्था रखने वाले शांडिल्य दुर्गेश मानवीय मूल्यों के संवर्द्धन हेतु सदैव तत्पर रहते हैं। जब भी कोई बेबस और असहाय व्यक्ति सामने आता है, तो उसके लिए आशा की किरण बनकर शांडिल्य दुर्गेश खड़े नजर आते हैं।

हॉस्पिटल में मरीज को भर्ती कराना हो, कैंसर पीड़ितों को आवश्यक सहायता उपलब्ध करानी हो, जरूरतमंदों के लिए रक्त की व्यवस्था करानी हो, अनाथ कन्याओं के विवाह में आर्थिक सहयोग देना हो या फिर असाध्य रोगियों को मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद दिलवानी हो—ये सभी कार्य उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन चुके हैं। प्रतापगढ़ जनपद के मूल निवासी एवं वर्तमान में प्रयागराज में पदस्थ समीक्षा अधिकारी शांडिल्य दुर्गेश की ह्यनर सेवा-नारायण सेवा व मां असहाय सेवा समितिह्न कड़ाके की ठंड में देवदूत बनकर कार्य कर रही है।



कड़ाके की ठंड में असहायों को कम्बल वितरित करते समीक्षा अधिकारी शांडिल्य दुर्गेश व उनकी सेवा समिति के सदस्य।

बीते दस वर्षों से निरंतर चल रही कम्बल सेवा के तहत उनकी टीम प्रतिवर्ष करीब पंद्रह दिनों तक रात के समय सड़कों, फुटपाथों, नालों व पार्कों के आसपास ठंड से जूझ रहे दीन-हीन-असहायों को खोज-खोजकर कम्बल वितरित करती है। इसके साथ ही उन्हें भोजन सामग्री जैसे ब्रेड, बिस्किट, फल उपलब्ध कराए जाते हैं तथा नशाखोरी से दूर रहने के लिए जागरूक भी किया जाता है। सोशल मीडिया के माध्यम से किए गए उनके सामूहिक आह्वान से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में मित्र, शुभचिंतक, प्रशासनिक अधिकारी और आमजन सहयोग कर रहे हैं। शांडिल्य दुर्गेश और उनकी टीम के इस अनुकरणीय कार्य की सर्वत्र सराहना हो रही है।

# कड़ाके की ठंड में कम्बल पाकर गरीबों खिले चेहरे



**मांडा।** समाजवादी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष कोरांव द्वारा कड़ाके की ठंड व मकर संक्रांति पर्व पर उनकी माता गीता देवी ने ग्राम पंचायत कुकरहटा में निःशुल्क गरीबों, असहायों को कंबल वितरित किया। वही कम्बल पाकर गरीबों असहायों के चेहरे खिल उठें। इस वितरण कार्यक्रम में सैकड़ों असहाय जरूरतमंद परिवारों, बुजुर्गों, विधवा एवं वृद्ध महिलाओं तथा दिव्यांगों को कंबल दिए गए।

सपा ब्लॉक अध्यक्ष पवन सोनकर ने बताया कि उनकी माता गीता देवी की असहाय और जरूरतमंद लोगों की सेवा करने की इच्छा थी, जिसके तहत यह कंबल वितरण किया गया।

पवन सोनकर ने कहा कि असहाय जरूरतमंदों की सेवा एक महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने समाज के लोगों से भी ऐसे जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की है।

# बामपुर मांडा में ऐतिहासिक मेले में उमड़ी भारी भीड़

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** क्षेत्र स्थित बामपुर गांव में श्री राम जानकी मंदिर पर प्रतिवर्ष ऐतिहासिक मेला लगता है। 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व पर आयोजित होने वाले इस मेले में प्रयागराज और मिर्जापुर जिले के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

मेले में आने से पहले, लोग बामपुर गंगा घाट पर पवित्र गंगा स्नान करते हैं। इसके बाद, वे मेला परिसर में स्थित श्री राम जानकी मंदिर में दर्शन करते हैं और मेले का आनंद लेते हैं। मंदिर परिसर लगभग 5 बीघा भूमि में फैला हुआ है, जहां यह मेला लगता है। यह मंदिर मांडा के राजा के खानदान द्वारा बनवाया गया था, और इसके आसपास की भूमि भी मंदिर के नाम पर है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों से राजघराने की उपेक्षा के कारण मंदिर की हालत लगातार खराब होती जा रही है। अब यह मंदिर खंडहर में तब्दील होता दिख रहा है।



स्थानीय निवासी सुदेश तिवारी, दीपक तिवारी, पप्पू पांडे, दीपू तिवारी, आदर्श तिवारी, पवन तिवारी और गांव सभा के अन्य नवयुवकों का कहना है कि इस मंदिर का जीर्णोद्धार (कायाकल्प) अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी मांग की है कि मंदिर की अतिक्रमण की गई ' जमीन को खाली कराया जाए और मंदिर को पहले की तरह व्यवस्थित और सुसज्जित किया जाए। स्थानीय लोगों ने ग्राम प्रधान से लेकर ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, विधायक और प्रयागराज के सांसद तक सभी जनप्रतिनिधियों से इस मंदिर के कायाकल्प में सहयोग करने की मांग की है, ताकि मंदिर का अस्तित्व बचा रहे।


### अज्ञाय चोरों ने टावर के केबिन से लगी पांच बैटरी चोरी कर ले गए, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा में चोरों के हौसले बुलंद है।अज्ञात चोरो ने एक मोबाइल टावर के केबिन में लगी पांच बैटरियों को चोरा ले गए। मोबाइल टाबर कर्मचारी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सरपताही नहर स्थित लगे मोबाइल टावर की बाउंड्री वॉल तोड कर चोर अन्दर घुस गए और टावर की केबिन में लगे पांच बैटरी जिसकी कीमत हजारों में बताई गई है चोर चुरा ले गए।टावर के कर्मचारी आशुतोष कुमार पटेश्वरी राव ग्राम उमरा खास दक्षिण रूदौली जिला बस्ती ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है।

# खेलकूद प्रतियोगिता से होता है शारीरिक मानसिक विकास : गरुण पांडेय

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** धनूपुर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी गरुण पांडेय द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों एवं क्षेत्रीय लोगों को संबोधित करते हुए गरुण पांडेय ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता से हमारा शारीरिक मानसिक विकास होता है तथा इससे भाई चारा बढ़ता है खेलकूद प्रतियोगिता से हमारा वैचारिक सैद्धांतिक विकास होता है सभी खिलाड़ियों को पूरी ऊर्जा एवं ईमानदारी से खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपने क्षेत्र प्रदेश राष्ट्र का नाम रोशन करना चाहिए। कार्यक्रम आयोजक राज पांडेय ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संदीप शुक्ला, शिवराम बिंद, नितिन मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# माघ मेला : मकर संक्रांति से पहले संगम पर उमड़ा आस्था का सैलाब, 85 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माघ मेले के द्वितीय स्नान पर्व मकर संक्रांति से एक दिन पूर्व संगम तट पर आस्था और श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला। तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब संगम की ओर उमड़ पड़ा। पूरे दिन चले स्नान पर्व में करीब 85 लाख श्रद्धालुओं ने पावन संगम में आस्था की डुबकी लगाई।श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और मेले के सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। सभी वरिष्ठ अधिकारी मंगलवार रात से ही मेला क्षेत्र में डेरा डाले रहे और लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक ज्योति नारायण, पुलिस महानिरीक्षक अजय मिश्र, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, पुलिस कमिश्नर प्रयागराज जोगिंदर कुमार, अपर पुलिस आयुक्त अजयपाल शर्मा, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मेलाधिकारी ऋषिराज और मेला पुलिस अधीक्षक नीरज पांडेय व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रहे और मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। प्रशासन की सतर्कता और सुनियोजित व्यवस्था का असर यह रहा कि पूरे स्नान पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराने के साथ-साथ उन्हें उनके गंतव्य तक सकुशल पहुंचाया गया।

गोल्फ कार्ट सेवा बंद रहने के बावजूद दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। जरूरत पड़ने पर एंबुलेंस और पुलिस वाहनों की मदद से दिव्यांगों को संगम तट तक पहुंचाया गया। वहीं, विभिन्न पिकअप प्वाइंट से मेला क्षेत्र के नजदीकी पार्किंग स्थलों तक श्रद्धालुओं को पहुंचाने के लिए संचालित रैपिडो बाइक सेवा भी काफी उपयोगी साबित हुई। इस सेवा के माध्यम से मंगलवार को करीब 12 हजार श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया, जबकि अब तक लगभग 1 लाख 27 हजार लोग इस सुविधा का उपयोग कर चुके हैं।

माघ मेले के सफल आयोजन को लेकर प्रशासन ने राहत की सांस ली है और आगामी स्नान पर्वों को लेकर व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने की तैयारी शुरू कर दी है।




## माघ मेला में लगातार दूसरे दिन लगी आग, फायर सर्विस की त्वरित से आग बुझाई जा सकी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** संगम नगरी में माघ मेले में बुधवार शाम को लगातार दूसरे दिन शिविर में आग लग गई। ब्रह्म-ाश्रम शिविर में अचानक आग लग गई। तेज हवा से लपटों ने 2 बड़े शिविर को चपेट में ले लिया। इससे 10 से ज्यादा टेंट जल गए। कल्पवासियों ने भागकर जान बचाई। बाह्माश्रम शिविर सेक्टर 4 के लोअर मार्ग पर है। ऊंची उठती लपटों के साथ धुआं दूर से दिख रहा था। फायर ब्रिगेड की टीमों ने पानी की बौछार डालकर आग पर काबू पाया। इस दौरान पूरे एरिया को सील कर दिया गया, ताके आग ज्यादा न फैले। सबसे पहले पुलिस और संतों ने बचाव कार्य शुरू किया। फिर 10 फायर ब्रिगेड और 10 एम्बुलेस मौके पर पहुंचीं। 30 दमकल कर्मचारियों ने लोगों को दूसरी जगह पर शिफ्ट करवाया। टेंट में कल्पवासियों के सामान जलकर राख हो गए। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फायर सर्विस की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से आग पर पूर्णतः नियंत्रण पा लिया गया। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई तथा स्थिति पूर्णतः सामान्य है। आग लगने के कारणों की जाँच की जा रही है।

इससे पहले मंगलवार शाम नारायण शुक्ला धाम शिविर में आग लगी थी। इससे 15 टेंट और 20 दुकानें जल गई थीं। जहां ये घटना हुई थी, वो शिविर सेक्टर 5 में है। दमकल की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं थी। करीब डेढ घंटे की मेहनत के बाद आग बुझा ली गई। आग लगने के पीछे शार्ट सर्किट वजह बताई गई थी।







## उत्तर प्रदेश सरकार की डॉक्यूमेंट्री 'चलें खेत की ओर' रिलीज

### गौ–आधारित जीवनशैली और ग्रामीण चेतना का सशक्त संदेश

**नैनी।** नैनी ग्रामीण भारत की आत्मा, गौ-आधारित जीवनशैली और प्रकृति से जुड़ाव का प्रेरक संदेश देती उत्तर प्रदेश सरकार की डॉक्यूमेंट्री फि ल्म ह्नचलें खेत की ओरह्न आधिकारिक रूप से रिलीज कर दी गई। यह डॉक्यूमेंट्री राज्य सरकार के जनहितकारी प्रयासों की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जो शहरी जीवन की भागदौड़ से निकलकर गांव, खेती और गौ-संस्कृति की ओर लौटने का आह्वान करती है। इस डॉक्यूमेंट्री का निर्माण कपूर फि ल्म के बैनर तले निमार्ता आयुष कपूर ने किया है, जबकि निर्देशन की कमान श्वेता श्रीवास्तव और प्रियांशु श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से संभाली है। फि ल्म में प्रमुख भूमिकाओं में प्रियांशु श्रीवास्तव, राजीव कपूर, विमलेश पांडे ह्यमुन्ना मासूमह्न और रमाकांत शास्त्री नजर आते हैं। विशेष बात यह है कि यह डॉक्यूमेंट्री यमुना पार के स्थानीय कलाकारों की सशक्त भागीदारी से सजी हुई है, जो इसे और भी प्रामाणिक बनाती है। डॉक्यूमेंट्री




का निर्माण उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के संयोजन एवं मार्गदर्शन में किया गया है। यह फि ल्म माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गौ-आधारित उत्पादों और जीवनशैली को जन-जन तक पहुँचाने की प्रेरणा से तैयार की गई है। फि ल्म का उद्देश्य गौ-आधारित कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना है। फि ल्म की शूटिंग नैनी चिल्ड्रन हॉस्पिटल, लक्ष्य फिजियोथैरेपी सेंटर तथा यमुनापार के ग्रामीण अंचलों में की गई है, जहाँ प्राकृतिक सौंदर्य और ग्रामीण जीवन की सजीव झलक देखने को मिलती है। कैमरे के माध्यम से गांव की मिट्टी, खेतों की हरियाली और गौशालाओं की व्यवस्था को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। डॉक्यूमेंट्री की कथा एक ऐसे युवक के जीवन पर केंद्रित है, जो गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के चलते चिकित्सकीय सलाह पर शहरी जीवन छोड़कर गांव की ओर लौटता है। गांव के शांत वातावरण में जैविक खेती, जैविक खाद, आधुनिक तकनीक से युक्त गौशालाएं, स्वच्छ हवा और संतुलित पर्यावरण उसके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। धीरे-धीरे उसका स्वास्थ्य सुधरता है और जीवन को एक नई दिशा मिलती है।फि ल्म में गौमाता को ईश्वरीय वरदान के रूप में प्रस्तुत करते हुए गाय के गोबर से बने उत्पादों, आधुनिक गौशाला व्यवस्थाओं और गौ-आधारित ग्रामीण मॉडल को अत्यंत प्रभावी ढंग से दशार्या गया है। यह डॉक्यूमेंट्री न केवल जानकारी देती है, बल्कि दर्शकों को सोचने और जीवनशैली बदलने के लिए प्रेरित भी करती है। कुल मिलाकर, ह्नचलें खेत की ओरह्न ग्रामीण भारत की सकारात्मक और सशक्त तस्वीर पेश करती है। यह डॉक्यूमेंट्री गौ-आधारित संस्कृति, स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देते हुए आमजन को प्रकृति, गांव और खेतों की ओर लौटने का प्रेरक आह्वान करती है।

## श्रीमद् भागवत कथा जीवन का सार है : व्यास देवव्रत

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र में महर्षि महेश योगी आश्रम परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास देवव्रत ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जीवन का सार है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य अपने जीवन को सफल बना सकता है। यह आयोजन महर्षि महेश योगी जी के परम शिष्य वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश के निर्देशन में



संपन्न हो रहा है। कथा के शुभारंभ से पूर्व आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव एवं आश्रम प्रभारी बसंत दास ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कथा व्यास को व्यासपीठ पर सम्मानपूर्वक विराजमान कराया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा के समापन के पश्चात प्रतिदिन श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम में कथा वाचक श्री भूपेंद्र जी महाराज, आचार्य ऋषि त्रिवेदी, विमल मिश्रा, सोनू पांडे, जितेंद्र दास, रोहित तिवारी, द्वारिका तिवारी, शत्रुघ्न वर्मा सहित अनेक भक्तगण विशेष सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## माघ मेला के चलते 20 जनवरी तक स्कूल बंद

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी महोदय के आदेश के अनुपालन में माघ मेला के प्रमुख स्नान पर्व मकर संक्रांति एवं मौनी अमावस्या के कारण जनपद प्रयागराज में कक्षा 1 से 12 तक संचालित समस्त बोर्डों के माध्यमिक विद्यालयों में 16 जनवरी 2026 से 20 जनवरी 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है। भीड़-भाड़, यातायात व्यवस्था और छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक पी.एन. सिंह ने स्पष्ट किया कि इस अवधि में आयोजित होने वाली प्री-बोर्ड परीक्षाएं भी पूर्णतः स्थगित रहेंगी। आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## नैनी पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थ की बिक्री करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थों की बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 220 ग्राम अवैध अल्प्राजोलम पाउडर तथा बिक्री के रुपये नकद के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना नैनी पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर लेप्रोसी चौराहे के पास अस्थायी बस अड्डा मैदान से अभियुक्त मोनू गौड़ पुत्र श्रीकांत गौड़ निवासी दुबकी कला थाना हंडिया हाल पता मानस नगर थाना नैनी तथा आनंद भारतीया उर्फ बब्बू पुत्र संजय भारतीया निवासी इंदलपुर थाना नैनी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से कुल 220 ग्राम अवैध अल्प्राजोलम पाउडर एवं बिक्री से प्राप्त 330 रुपये नकद बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर थाना नैनी पर मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है। अभियुक्त मोनू गौड़ के कब्जे से 117 ग्राम अल्प्राजोलम पाउडर व 150 रुपये नकद, अभियुक्त आनंद भारतीया उर्फ बब्बू के कब्जे से 103 ग्राम अल्प्राजोलम पाउडर व 180 रुपये नकद। वही गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम नैनी कोतवाली प्रभारी बृजकिशोर गौतम, उ.नि. श्रीराम उपाध्याय, उ.नि. आशीष यादव, सतेन्द्र यादव रहे।



## देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब के ग्राउंड पर टी – 20 का फाइनल मुकाबला आज

**फाफामऊ।** देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब के ग्राउंड पर आज एम एस साईं प्रजापति टेक्निकल सर्विसेज ओपन कैश मनी क्रिकेट टूनामेंट चल रहे खेल का फाइनल मुकाबले के साथ खेल का समापन होगा। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक पुलिस आयुक्त थरवई अरुण पाराशर होंगे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक रामचंद्र प्रजापति ने बताया कि चल रहे टी - 20 क्रिकेट खेल का आज समापन है जिसमें विजेताओं को मुख्य अतिथि के द्वारा मेडल व शील्ड के साथ सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे प्रारम्भ होगा।


## दबंगों ने पुश्तैनी रास्ता बंद करने की कोशिश की, विरोध पर मंदबुद्धि युवक से मारपीट

### विधवा महिला ने एसीपी से लगाई न्याय की गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** प्रयागराज के सराय इनायत थाना क्षेत्र अंतर्गत प्यारेपुर गांव में दबंगों द्वारा पुश्तैनी कच्चे रास्ते पर अवैध कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। रास्ता बंद होने से एक विधवा महिला व उसके परिवार का आवागमन प्रभावित हो रहा है। विरोध करने पर दबंगों ने विधवा के मंदबुद्धि बेटे के साथ मारपीट करने के साथ ही जातिसूचक गालियां देने का आरोप है।

पीड़िता मुन्नी देवी पत्नी स्व. पृथ्वी पाल निवासी प्यारेपुर ने बताया कि उनके पति ने लगभग 50 वर्ष पूर्व पड़ोसियों से आवागमन के लिए उक्त रास्ते की जमीन खरीदी थी।



तभी से तीन पीढ़ियां उसी रास्ते से आवागमन करती आ रही हैं। वर्तमान में वही रास्ता उनके परिवार के आने-जाने का एकमात्र साधन है। आरोप है कि अब पड़ोस के दबंग रास्ते को बंद करने के उद्देश्य से ईंटें रखकर अतिक्रमण कर रहे हैं। जब इसका विरोध किया गया तो दबंगों ने पीड़िता के मंदबुद्धि बेटे के साथ मारपीट की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। पीड़िता ने स्थानीय थाना सराय इनायत में शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने पर उन्होंने एसीपी थरवई को लिखित शिकायत सौंपी है।

पीड़िता ने बताया कि पहले चार पहिया वाहन आसानी से घर तक आ जाते थे, लेकिन हालिया अतिक्रमण के कारण अब दोपहिया वाहन निकालना भी मुश्किल हो गया है। रास्ता पूरी तरह बंद होने की स्थिति में परिवार का आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाएगा।

मामले में राजस्व विभाग की टीम ने भी पीड़िता के पक्ष में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि कच्चे मार्ग पर विपक्षियों द्वारा अस्थायी अतिक्रमण किया गया है तथा मार्ग का कुछ हिस्सा नवीन परती भूमि में दर्ज है।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पीड़िता विधवा महिला ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी फरियाद रखेंगी।

## महामाघ मेला को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम एवं एसपी ने किया निरीक्षण

### श्रद्धालुओं की सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देशानुसार जनपद प्रयागराज में आयोजित हो रहे महामाघ मेला-2026 के दौरान विभिन्न स्नान पर्वों पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए प्रतापगढ़ प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने जनपद में शांति व्यवस्था, साम्प्रदायिक सद्भाव एवं श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चौराहों एवं रूट डायवर्जन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम एवं एसपी द्वारा कोहड़ौर बाजार, गोड़े बाईपास, भुपियामऊ चौराहा एवं एटीएल ग्राउंड का गहन निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, भीड़ नियंत्रण तथा आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया और मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रयागराज माघ मेला में जाने वाले या वहां से लौटने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शहर में बनाए गए सभी रैन बसेरों में स्वच्छता, प्रकाश, पेयजल एवं सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर श्रद्धालु वहां विश्राम कर सकें। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि यदि किसी श्रद्धालु को यात्रा के दौरान स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न होती है, तो उसका त्वरित उपचार प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। एटीएल ग्राउंड के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं के ठहराव की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए वहां हेल्प डेस्क स्थापित की जाए। साथ ही टेंट, शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं, जिससे अत्यधिक भीड़ की स्थिति में श्रद्धालुओं को सुरक्षित रूप से ठहराया जा सके। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के साथ-साथ संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए, ताकि जनपद में सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि०रा०) आदित्य प्रजापति, सीओ सिटी प्रशान्त राज व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## लापरवाही से वाहन चलाने पर हुआ चालान, पुलिस की सख्ती



**पट्टी।** कस्बे में यातायात नियमों के उल्लंघन और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार की सुबह लापरवाहीपूर्वक दूध वाहन चलाने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन का चालान किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दूध वाहन चालक रवि कुमार निवासी धूती थाना कंधई सुबह के समय कस्बे में दूध लेकर आ रहा था। इस दौरान वह तेज गति और असावधानी से वाहन चला रहा था, जिससे सड़क पर चल रहे राहगीरों और अन्य वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।लापरवाही को देखते हुए कस्बा इंचार्ज सचिन कुमार यादव ने तत्काल वाहन को रुकवाया और कागजात की जांच की। यातायात नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस ने दूध वाहन का चालान कर चालक को सख्त हिदायत दी कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न की जाए।कस्बा इंचार्ज ने बताया कि कस्बे में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## न्यूज झरोखा

### विधायक ने जिम फिटनेस क्लब का किया उद्घाटन



**कुंडा।** इस भागदौड़ भरी जिंदगी में आम लोगों को व्यायाम के लिए समय नहीं मिल पाता, जिससे मोटापा, पेट और अन्य कई बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के हीरागंज बाजार में ए टू जेड फिटनेस क्लब नामक जिम की स्थापना की गई है।बुधवार को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर बाबागंज विधायक एवं जनसत्ता दल के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज ने फीता काटकर जिम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक विनोद सरोज ने कहाकि हीरागंज बाजार में जिम खुलने से अब क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा और फिटनेस के लिए उन्हें कुंडा या दूर-दराज के स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा।उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम से व्यक्ति स्वस्थ रहता है और कई गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। जिम की सुविधा स्थानीय लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी।व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज विनोद यादव की अगुवाई में विधायक का स्वागत किया गया। इस मौके पर फिटनेस क्लब के संचालक बादल यादव, अमित मौर्य, अशोक, शैलेंद्र, आदित्य यादव, अवधेश यादव, विकास सरोज, अजय, मनोज, अनुज व राज सरोज सहित सैकड़ों युवा उपस्थित रहे।

### केन्द्र व्यवस्थापक समेत तीन शिक्षक हुए दोषमुक्त

**प्रतापगढ़।** यूपी बोर्ड परीक्षा-2025 में लालगंज स्थित एक परीक्षा केन्द्र पर लापरवाही सामने आने पर केंद्र व्यवस्थापक समेत आधा दर्जन शिक्षकों को तीन वर्ष के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद के समस्त पारिश्रमिक कार्यो से वंचित कर दिया गया था। प्रकरण की पुर्न जांच के बाद केन्द्र व्यवस्थापक समेत तीन शिक्षकों को दोष मुक्त किया गया है। यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 में राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज लालगंज में हाईस्कूल परीक्षा में एक ही अनुक्रमांक की दो उत्तर पुस्तिकाओं एक ही कक्ष से जमा होकर पैकिंग करके विद्यालय द्वारा संकलन केंद्र भेज दी गयी थी। मूल्यांकन के दौरान एक ही अनुक्रमांक की दो कापियां मिलने पर परीक्षाफल डब्ल्यूई हो गया था। मामले की जांच के बाद अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद ने दोषी पाते हुए केंद्र व्यवस्थापक समेत आधा दर्जन शिक्षकों को परिषद के समस्त पारिश्रमिक कार्यो से तीन वर्ष के लिए वंचित कर दिया। उक्त प्रकरण पर पुर्नविचार करते हुए बीते आठ दिसंबर 2025 को परीक्षा समिति की बैठक हुई। इसके बाद यह निर्णय हुआ कि छात्रा द्वारा उत्तर पुस्तिका पर त्रुटिपूर्ण अनुक्रमांक अंकित किये जाने से यह समस्या उत्पन्न हुई। इस पर केंद्र व्यवस्थापक समेत तीन शिक्षकों को दोषमुक्त कर दिया गया है। जबकि कक्ष निरीक्षक रजनीश मिश्र समेत चार शिक्षकों को दोषी पाया गया है।

### चार पर युवती से छेड़छाड़ व मारपीट का केस

**प्रतापगढ़।** लीलापुर थानान्तर्गत एक गांव की युवती के साथ छेडछाड़ व मारपीट की हुई घटना को लेकर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता का आरोप है कि बीती बारह जनवरी की शाम करीब छः बजे शौच के लिए जाते समय ढ़कवा पूरे वीरबल निवासी दीपक पुत्र स्व0 बेचेंलाल अपने बहनोई के साथ वहां पहुंचा और उसके साथ जबरन छेडछाड करने लगा। पीडिता के शोरशराबा करने पर आरोपी दीपक की मां रामरती व बहन प्रीती भी पहुंच गयी। चारों आरोपियो ने एकराय होकर पीड़िता को मारापीटा व गालीगलौज करते हुए जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि जांच के बाद दीपक समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### गोआश्रय स्थल का हुआ उदघाटन

**लालगंज।** विकासखण्ड सांगीपुर अन्तर्गत मुस्तफाबाद ग्राम पंचायत में नवीन गोआश्रय स्थल का खण्ड शिक्षा अधिकारी ने उदघाटन किया। इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी ने पचास गोवंश को गोआश्रय स्थल में प्रवेश कराया। उन्होने बताया कि यहां तीन सौ गोवंश के रहने की क्षमता है। इसके साथ ही क्षेत्र में मुनादी कराकर बेसहारा मवेशियो को गोआश्रय स्थल लाए जाने की अपील ग्रामीणों से भी की गयी। इस मौके पर पूर्व जिपंस महेन्द्र सिंह, प्रधान कन्हैया लाल सरोज, धीरेन्द्र गौतम, प्रभाकर सिंह चैहान, शैलेन्द्र सिंह, लल्लू मिश्र, पवन पाण्डेय, पवन तिवारी आदि रहे।

## बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित हुई वोल्वो बस गड्ढे में गिरी

**अखंड भारत संदेश**



**परियांवा/ कुंडा।** प्रयागराज लखनऊ राजमार्ग पर वातानुकूलित वोल्वो बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में चली गई। घटना मानिकपुर थाना क्षेत्र के तिवारी पुर गांव के पास की है। वोल्वो बस लखनऊ से बनारस जा रही थी।बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गये।

बुधवार की सुबह करीब 30 यात्री वोल्वो बस से लखनऊ से बनारस के लिए निकले थे। दोपहर लगभग 1बजे जैसे ही बस तिवारी पुर गांव के समीप पहुंची कि अचानक एक बाइक सवार सामने आया गया।उसे बचाने की कोशिश में बस चालक ने बस मोड़ा, जिससे वह सड़क किनारे गड्ढे चली गई। बस के पीछे चल रही कार भी अनियंत्रित होकर बस से टकरा गई। बस के गड्ढे में जाते ही यात्रियों में हड़कंप मच गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दुर्घटना में बस में सवार एक महिला को हल्की चोट आई। हादसे के बाद बाइक सवार अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। वहीं वोल्वो बस का चालक भी बस छोड़कर घटनास्थल से भाग निकला। सूचना मिलने पर मानिकपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने यात्रियों को अन्य वाहनों से उनके गंतव्य पर रवाना किया। मामले में थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है यात्रियों को गंतव्य के लिए भेजा जा रहा है।

## तेज रफ्तार कार ने बुलेट सवार को मारी टक्कर गंभीर रूप से घायल युवक जिला अस्पताल रेफर

**अखंड भारत संदेश**




**पट्टी।** जामताली बाजार से घर लौट रहे बुलेट सवार को पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

दिलीपपुर थाना क्षेत्र के गोई गांव निवासी यासीन पुत्र नसीम बुधवार की शाम करीब चार बजे जामताली बाजार से अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह जामताली सई नदी के समीप पहुंचा, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी बुलेट मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।अचानक हुई इस टक्कर से यासीन सड़क पर गिर पड़ा और उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आ गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों व राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को सड़क से उठाकर नजदीकी चिकित्सक के पास पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही दिलीपपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार और चालक को हिरासत में ले लिया है। साथ ही घायल युवक के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।हादसे के कारण कुछ देर तक मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुचारू कराया।

## घर से लापता युवक का नहीं लग सका कोई सुराग

**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के उतरास गांव से घर से निकले एक युवक का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर कंधई पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।उतरास गांव निवासी सुनीता गौतम पत्नी सूरज कुमार गौतम ने बताया कि उनके पति सूरज कुमार गौतम 7 दिसंबर को दिन में घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। दो-चार दिन बीतने के बाद जब घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने रिश्तेदारी व संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं से कोई जानकारी नहीं मिल सकी।इसके बाद पीड़िता ने कंधई थाने में पति के लापता होने की लिखित सूचना दी, जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली। पुलिस द्वारा युवक की तलाश की जा रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई सुराग हाथ नहीं लग सका था।परिजनों ने पुलिस से युवक को जल्द से जल्द खोजे जाने की मांग की है।

### पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप, फार्मासिस्ट के खिलाफ दिया प्रार्थना पत्र

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के अमरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात लैब टेक्नीशियन सीताराम विश्वकर्मा की बीते 10 जनवरी को हुई सड़क दुर्घटना में मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। मृतक की पत्नी विभा विश्वकर्मा ने इस घटना को महज दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है।पीड़िता ने घटना स्थल से संबंधित थाना भाले सुल्तान, जनपद अमेठी में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पति को स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात फार्मासिस्ट पशुपतिनाथ ओझा उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन लखनऊ ले गए थे। महिला का कहना है कि उसके पति लखनऊ नहीं जाना चाह रहे थे, लेकिन फार्मासिस्ट दबाव बनाकर उन्हें साथ ले गया।विभा विश्वकर्मा का आरोप है कि पूरी घटना सोची-समझी साजिश के तहत अंजाम दी गई है और उसके पति की हत्या की गई है। पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद फार्मासिस्ट पशुपतिनाथ ओझा ने उसे कोई सूचना नहीं दी। शाम करीब छह बजे अन्य सहकर्मियों से उसे पति की मौत की जानकारी मिली, जिससे संदेह और गहरा गया।पीड़ित महिला ने फार्मासिस्ट पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### अधिवक्ता की पिटाई का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर तिवरानन का पुरवा गांव निवासी ललित कुमार वर्मा पुत्र चंद्रप्रकाश वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दस जनवरी की शाम वह लालगंज तहसील से विधि व्यवसाय करके बाइक से घर लौट रहा था। आरोप है कि गांव समीप रास्ते मे गांव के सतीश कुमार वर्मा पुत्र छोटे लाल वर्मा ने जबरन रोक लिया। आरोपी ने गालीगलौज करते हुए पीड़ित को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। एसओ राजेन्द्र तिवारी का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## घर के सामने मुर्गी फार्म से फैल रही दुर्गंध, एसडीएम से की शिकायत

**पट्टी।** थाना क्षेत्र के दमड़ी गांव निवासी आद्या प्रसाद सिंह ने घर के पास संचालित मुर्गी फार्म से फैल रही दुर्गंध को लेकर उप जिलाधिकारी से शिकायत की है। बुधवार को दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसके घर के बगल में खुले मुर्गी फार्म के कारण आस-पास के माहौल में भीषण दुर्गंध फैल रही है, जिससे परिवार सहित ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।पीड़ित का कहना है कि दुर्गंध के कारण घर में रहना मुश्किल हो गया है, वहीं स्वास्थ्य पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। आद्या प्रसाद सिंह ने उप जिलाधिकारी से मुर्गी फार्म को हटाए जाने की मांग की है।इस संबंध में उप जिलाधिकारी पूर्णेन्द्र मिश्रा ने बताया कि शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है।मामले की जांच के आदेश पुलिस को दे दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई कर जल्द ही मामले का निस्तारण किया जाएगा।

## नवाचार के प्रयोग से सशक्त हो रही जनपद की संचालित गौशालाएँ

### डीसी मनरेगा ने अगई गौशाला का किया निरीक्षण, बचाव व स्वच्छता के दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा के निर्देश के क्रम में विकास खण्ड लालगंज की अगई गौ-संरक्षण केन्द्र में नवाचार के संगम का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। ग्राम पंचायत ने अपनी दूरदर्शिता का परिचय देते हुये बेकार पड़े रिबोर पाइपों पुनः चक्रण करते हुये आधुनिक सिकवार्ड, चारो तारफेंसिंग तथा नर एवं मादा के लिये पृथक-पृथक वार्ड तैयार किया है। इस अनूठे प्रयोग से जहाँ गौशाला सशक्त हो रही है वहीं दूसरी ओर निष्प्रयोज्य रिबोर पाइपों का सदपयोग भी हो रहा है। यह भी बताना है कि अगई गौ-संरक्षण केन्द्र में पूलिंग के माध्यम से प्राप्त धनराशि से नियमानुसार निष्प्रयोज्य रिबोर पाइपों का क्रय किया गया है, इससे ग्राम पंचायत अगई की आय में बढ़ोत्तरी भी हो रही है। जनपद प्रतापगढ़ में कुल 75 गौ-आश्रय संरक्षण केन्द्रों का संचालन हो रहा है जिसमें आस्थायी गौ-आश्रय स्थल 65, वृहद 07, कांजी 02 तथा 06 कान्हा गौ-आश्रय संरक्षण केन्द्र है। गौ संरक्षण केन्द्रो में लगभग 16000 गौवंश संरक्षित है, नियमित निगरानी हेतु समस्त गौ संरक्षण केन्द्रो पर सी०सी०टी०वी० लगवाये गये है जिनकी 24 घन्टे निगरानी विकास भवन स्थित कमाण्ड सेंटर के माध्यम से की जा रही है। उपायुक्त श्रम रोजगार संतोष कुमार सिंह द्वारा विकास खण्ड लालगंज की अगई गौ-संरक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड लालगंज के बोधी का पुरवा अगई में संचालित अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी लालगंज, ग्राम विकास अधिकारी अगई, ग्राम प्रधान, ग्राम रोजगार सेवक एवं 03 केयर टेकर उपस्थित रहे। बोधी का पुरवा अगई अस्थाई गौशाला के निरीक्षण के 60 से 70 पशु की क्षमता वाले 03 शेड का निर्माण कराया गया है। निरीक्षण के समय 29 नर और 139 मादा कुल 168 पशु पंजिका के दर्ज पाये गये, पशुओ को ठंड से बचाव हेतु टीन शेड में त्रिपाल की व्यवस्था की गई है, गौशाला में चार जगह अलाव की व्यवस्था पायी गई। गौशाला में नंदी शेड पृथक से तैयार कर नंदी को सरंक्षित किया गया है। भूसा गोदाम, चूनी गोदाम पृथक-पृथक बना हुआ है। साथ ही पशुओ के लिए हरा चारा-साइलेज के लिए भी शेड बनाया गया है। गौशाला में प्रकाश व्यवस्था ठीक पायी गई, पशुओ के शव निस्तारण हेतु स्थल चिन्हित कर बैरीकेटिंग कराया गया है। पशुओ के पानी पीने के लिए पानी की नाद बनायी गई है। गौआश्रय स्थल पर विद्युत न होने पर सोलर लाइट की वैकल्पिक व्यवस्था की गयी है। खण्ड विकास अधिकारी लालगंज को निर्देशित किया गया कि ठण्ड के मौसम के दृष्टिगत शेडों को मजबूत त्रिपाल से ढकने व अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। इसके अतिरिक्त गौआश्रय स्थल की नियमित साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश भी खण्ड विकास अधिकारी लालगंज को दिये गये।



## सोर्स सस्टेनेबिलिटी कार्यक्रम के तहत खारे पानी से मिलेगी राहत



**प्रतापगढ़।** अधिशासी अभियन्त जल निगम तौसीफ अहमद ने बताया है कि जनपद प्रतापगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित पेयजल योजनाओं को स्थायी एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में सोर्स सस्टेनेबिलिटी कार्यक्रम के अंतर्गत ठोस पहल की जा रही है, जिससे खारे पानी की समस्या से प्रभावित गांवों को स्थायी राहत मिल सकेगी। यह कार्यक्रम भारत सरकार एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं गुणवत्ता सुधार हेतु लागू किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन ग्राम पंचायतों को प्राथमिकता पर चिन्हित किया गया है, जहां भूजल में खारेपन अथवा जलस्तर में गिरावट के कारण पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। जल निगम ग्रामीण के द्वारा इन क्षेत्रों के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है, ताकि स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप प्रभावी समाधान लागू किए जा सकें और भविष्य में योजनाएं निर्बाध रूप से संचालित रह सकें। कार्ययोजना के अंतर्गत वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों का पुनर्भरण, कैचमेंट क्षेत्र का उपचार तथा भूजल गुणवत्ता में सुधार जैसे कार्यों को सम्मिलित किया जा रहा है, जिससे जल स्तर में वृद्धि के साथ-साथ खारेपन की समस्या में भी कमी आएगी। इन उपायों से ग्रामीण पेयजल योजनाओं की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित होगी। जल जीवन मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ, सुरक्षित एवं सतत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्ध ढंग से कराए जाएं, ताकि आम जनता को शीघ्र लाभ मिल सके और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके।

### मतदाता 18 जनवरी को बीएलओ द्वारा पढ़ी गयी मतदाता सूची में अपना नाम देखे

**प्रतापगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य प्रजापति ने बताया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ के निदेर्शानुसार दिनांक 18 जनवरी 2026 को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक जनपद के समस्त बूथ लेवल अधिकारी द्वारा अपने बूथ पर उपस्थित होकर उपस्थित मतदाताओ, सम्भ्रान्त व्यक्तियों एवं राजनैतिक दलो द्वारा नियुक्त किये गये बी0एल0ए0 के समक्ष आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया जायेगा। उन्होने समस्त सम्भ्रान्त व्यक्तियों, मतदाताओं और बूथ लेवल एजेण्टो से अनुरोध किया है कि दिनांक 18 जनवरी को बीएलओ द्वारा पढ़ी गयी मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते है और यदि निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित न हो तो आवश्यकतानुसार निर्धारित फार्म-6 और अनुलग्नक-4 घोषणा पत्र के साथ आवश्यक अभिलेखों सहित जमा कर सकते है। उन्होने मतदाताओं से अनुरोध किया है कि वोटर हेल्पलाइन एप, ईसीआईनेट एप और वोटर सर्विस पोर्टल पर जाकर अपनी समस्याओं का निराकरण बुक ए कॉल के माध्यम से बीएलओ द्वारा कराया जा सकता है।

### गौशाला केन्द्रों का खाता बही 26 से पूर्व करें सही अन्यथा होगी विभागीय कार्यवाही

**प्रतापगढ़।** जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद प्रतापगढ़ के गौपूलिंग की ग्राम पंचायतों में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक की गयी। बैठक के समय सम्बन्धित ग्राम पंचायत में संचालित गौशाला की कैशबुकध्खाताबही का परीक्षण भी किया गया। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने परीक्षण में पायी गयी कमियों को दिनांक 26 जनवरी 2026 से पूर्व सही करने के निर्देश दिये और कहा कि निर्धारित अवधि तक गौशालाओं का लेखा-जोखाध्कैशबुक सही न पाये जाने पर दोषीध्लापरवाह सचिव के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

## मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही का आरोप

**अखंड भारत संदेश**




**पट्टी।** विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम की ग्राम पंचायत महोखरी में स्थित सामुदायिक शौचालय का ताला बंद रहने को लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत की जांच में लगे संबंधित अधिकारियों ने मौके की वास्तविक स्थिति जाने बिना खानापूर्ति करते हुए गलत आख्या लगा दी।ग्रामीणों के अनुसार जांच रिपोर्ट में यह दशार्या गया है कि सामुदायिक शौचालय पूरी तरह सक्रिय है और उसका ताला नियमित रूप से खुलता है, जबकि वास्तविकता यह है कि शौचालय लंबे समय से बंद पड़ा है। विभागीय अधिकारियों की इस तरह की भ्रामक रिपोर्ट से ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है।ग्रामीणों ने सामुदायिक शौचालय के ताला बंद होने का वीडियो जारी कर अपनी बात को प्रमाणित करने का प्रयास किया है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायतों के निस्तारण में इस प्रकार की लापरवाही से आम जनता का भरोसा कमजोर हो रहा है।ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा गलत जांच रिपोर्ट लगाने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# पुलिस चौकी के अंदर ग्राम प्रधान को पीटा, मजबूर दिखाई पड़ी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**मार खाने वाले से ही चौकी पुलिस को दिखाई पड़ने लगा खतरा**
**पीड़ित की आवाज दबाने के लिए शांति भंग में कर दिया चालान**



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के तरसौरा निवासी मनीष कुमार पुत्र शिवकुमार अपनी बोलोरो से टेढ़ीमोड़ से गांव तरसौरा जा रहे थे उधर गांव से ग्राम प्रधान बलराम सिंह पटेल अपनी बाइक से गांव से टेढ़ीमोड़ के लिए जा रहे थे गांव में रास्ता संकरा होने के कारण बोलोरो और बाइक में टक्कर हो गई। जिस पर दोनों में कहासुनी होने लगी। सूचना पर मौके पर पहुंची शहजादपुर चौकी पुलिस दोनों पक्षों को टेढ़ीमोड पुलिस चौकी ले आई जहां पर दोनों पक्ष बात विवाद कर रहे थे। इसी बीच वहां पर मौजूद बोलोरो चालक के भाई नीरज ने ग्राम प्रधान के ऊपर अपना हाथ छोड़ दिया पुलिस चौकी के अंदर ग्राम प्रधान को पीट दिया गया और पुलिस मजबूर दिखाई पड़ी है इसके बाद पुलिस चौकी में पिटाई करने वाले पर कार्यवाही करने के बजाय दोनों पक्षों से पुलिस को खतरा दिखाई पड़ने लगा और वहां पर मौजूद सिपाहियों ने दोनों पक्षों को बैठा कर 107/16 की करवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। दोनों पक्षों के बीच चल रही कहासुनी के दौरान चौकी के बाहर काफी लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस चौकी के अंदर प्रधान के साथ मारपीट और प्रधान से ही शांति भंग का खतरा के बाद प्रधान का ही चालन पुलिसिया कार्यवाही पर सवाल खड़ा कर दिया है कि कहीं बोलेरो चालक को चौकी पुलिस का संरक्षण तो नहीं मिला था जिससे बोलेरो चालक को पुलिस बचाने के बहाने दोनों पक्षों पर शांति भंग की कार्रवाई कर रही है सवाल उठता है कि जिस पर हमला होता है उसी से पुलिस को शांति भंग का खतरा होता है तो फिर अपराधियों पर लगाम कैसे लगेगा या फिर पीड़ित की आवाज दबाने का प्रयास चौकी पुलिस ने किया है जिसने पुलिस चौकी के अंदर मारपीट करने की जुर्रत की है उस पर कैसे अंकुश लगेगा चौकी पुलिस की शांति भंग कार्यवाही के बाद यह बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

## मकर संक्रांति के पर्व पर चप्पे चप्पे पर तैनात रहे पुलिस के जवान



**कोखराज कौशाम्बी।** मकर संक्रांति के पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोखराज थाना क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे से लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग तक जगह-जगह पर पुलिस की भारी फोर्स तैनात रही प्रयागराज जाने वाले वाहनों को पुलिस नियंत्रित करती रही तो दूसरे तरफ गंगा नदी में गहरे जल में स्नान न करने की भक्तों को पुलिस सलाह देती रही कोखराज थाना क्षेत्र के गंगा नदी किनारे संदीपन घाट में गंगा स्नान करने वाले लोगों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने एसओ कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य पहुंचे और उन्होंने गंगा नदी में हजारों श्रद्धालुओं को सुरक्षा व्यवस्था के साथ स्नान करने को कहा उन्होंने गहरे जल में स्नान करने से मना किया लोगों को प्रशाद के रूप में कढ़ी खिचड़ी भी वितरण किया जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया सुरक्षा की दृष्टि से गंगा नदी में एक स्टीमर की भी ब्यवस्था की गई थी जिससे कोई भी घटना न होने पाए मौके पर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई थी। प्रयागराज में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था व डायवर्जन पर सीओ यातायात सतेंद्र तिवारी व एसओ कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य ने ततपरता के साथ लोगों को डायवर्जन के साथ साथ सुरक्षित भेजने की व्यवस्था की पुलिस ने संदिग्ध वाहनों की जांच भी किया मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## भवंस मेहता महाविद्यालय में भूतपूर्व सैनिक दिवस पर पूर्व सैनिक प्राध्यापक डॉ सी.पी.श्रीवास्तव को किया गया सम्मानित



**भरवारी कौशांबी।** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में दिनांक 14 जनवरी को भूतपूर्व सैनिक दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के ही हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ .सी.पी.श्रीवास्तव को जो की एक भूतपूर्व वायु सैनिक है,का सम्मान किया गया डॉ.सी.पी. श्रीवास्तव को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रबोध श्रीवास्तव ने माला पहनाया और अंग वस्त्रम प्रदान कर सम्मान किया। इसके बाद महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों ने भी इनका सम्मान किया। डॉ .सी. पी.श्रीवास्तव ने अपने सैनिक जीवन का अनुभव बताते हुए कहा कि वे 29 अक्टूबर सन 1988 में भारतीय वायु सेना में सम्मिलित हुए थे। उनके एंट्री में 127 प्रशिक्षु थे जो देश के हर कोने से थे ।उन्होंने बताया कि जब वह प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे उनके मन में होता था कि कब प्रशिक्षण खत्म हो जाए और हम लोग पूर्ण सैनिक बनकर देश की सेवा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए इन्होंने बताया कि इनको कई रात सोने का अवसर नहीं प्राप्त हुआ क्योंकि राडर ऑन रहता था और देश के आकाश की निगहबानी करनी होती थी। उन्होंने बताया कि कारगिल युद्ध के दौरान किस तरह से भारतीय वायुसेना ने अपने अदम्य में वीरता का परिचय दिया था । उन्होंने बताया कि इज़राइल ने हमारे देश का समर्थन किया था और उसके द्वारा आधुनिक सामरिक उपकरणों और तकनीकि की मदद से अंततः हमने कारगिल विजय प्राप्त की। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उनके अंदर अक्षय शक्ति है जिसका उनको देश के प्रगति के लिए उपयोग करना चाहिए। आज युवाओं में देशभक्ति की भावना देश के प्रति समर्पण कर्तव्य निष्ठा अनुशासन आदि गुणों के भी विकास की आश्यकता है। हमें देश को सबसे पहले रखना चाहिए। इस आयोजन के दौरान सभी प्राध्यापक, कमर्चारी गण , एन. सी. सी. कैडेट्स और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# बनारस में कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ पुलिसिया अभद्रता मारपीट के विरोध में कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन



**कौशाम्बी।** बनारस में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के साथ पुलिस द्वारा अभद्रता और मारपीट के विरोध में कौशाम्बी में कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन कर विरोध किया है और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजते हुए दोषी जनों पर कठोर कारर्वाई की मांग की है मंझनपुर में कांग्रेसियों ने कार्यालय से लेकर जिलाधिकारी कार्यालय तक शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य यह रहा कि विगत 11 जनवरी को वाराणसी में एसआई आर और वोट चोरी एवं मनरेगा का नाम बदले जाने का विरोध भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता और पदाधिकारी शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन पुलिस द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी एवं कई पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट किया है इसी क्रम में बुधवार को जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ मंझनपुर में विरोध दर्ज किया गया तत्पश्चात जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि कार्यकर्ता पाटी,संगठन की ताकत है जिस प्रकार से एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के साथ पुलिस से दुर्व्यवहार किया है उसकी हम घोर निंदा करते हैं.! पाटी का हर एक कार्यकर्ता इनके गलत कार्यों को जनता के प्रति हमेशा उजागर करने का काम करता रहेगा.! इसके बाद जिला उपाध्यक्ष व मनरेगा कार्यक्रम के कोआर्डिनेटर मोहम्मद अकरम ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं के प्रति जो सरकार और पुलिस का व्यवहार है उससे जनता पूरी तरह से समझ चुकी है कि यह सरकार पूर्व में लागू योजना का नाम बदलती है वर्तमान भाजपा सरकार को न महंगाई से मतलब है और न ही बेरोजगारी से केवल नाम बदलने का काम करती है इसके बाद नगर अध्यक्ष मंझनपुर संगीता कोरी ने कहा कि आज देश और प्रदेश में महिलाओं के साथ निरन्तर अपराध बढ़ रहा है भाजपा सरकार नारा देती है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लेकिन नारा हकीकत में एकदम खोखला है वरिष्ठ नेता व एसआई आर के जिला कोआडिर्नेटर राजेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे कार्यकता जनहित के मुद्दों की लड़ाई लड़ता है लेकिन ये सरकार अपनी मनमानी के दम पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की आवाज को दबाना चाहती है। प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय बाबू जी,नैय्यर रिजवी, राम सूरत रैदास,जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला, श्याम सिंह भदौरिया, अर्श खुशीद,शशि मिश्रा,आबिदा बेगम, सेवादल जिलाध्यक्ष जमशेद अहमद, डाक्टर मोहम्मद नईम, ब्लाक अध्यक्ष मंझनपुर प्रदीप पटेल, नेवादा ब्लाक अध्यक्ष रावेंद्र सिंह यादव, सिराथू ब्लाक अध्यक्ष रामप्रकाश पंडा, सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,नगर अध्यक्ष करारी, शकील अब्बास चरवा नगर अध्यक्ष निक्की पाण्डेय, नगर अध्यक्ष अझुवा विजय यादव, दुर्गेश यादव, कैलाश केसरवानी, कल्लू पाण्डेय, महेंद्र मिश्रा, मोहम्मद मिज़ान, तबरेज अहमद, कार्यालय प्रभारी हेमन्त रावत, नोखे लाल यादव, बेलाल हसन, नौशे आलम, रमेश यादव, सोनी देवी, महारानी देवी, निमर्ला देवी, प्रीति, शोभा, निमर्ला, प्रेमा देवी, मीना देवी,श्याम कली,लालती देवी,रूपा देवी, सीता देवी केशपति मोहम्मद शरिक, मोहम्मद असद मोहम्मद शाद, आलोक त्रिपाठी, बिफई लाल, इंद्रपाल गौतम, अमर पाल, राहुल यादव, आयुष यादव चेतन यादव, विकास यादव अनिरुद्ध तिवारी, अनुराग यादव,सहित सैकड़ों की संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया है।

# मकर संक्रांति : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के खिचड़ी भोज में शामिल हुए सैकड़ो लोग

अखंड भारत संदेश



**भरवारी कौशांबी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल भरवारी द्वारा भरवारी बाजार में मकर संक्रांति के पर्व पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया जहां नगर के तमाम लोगों के साथ व्यापारी और महिलाएं खिचड़ी भोज में शामिल हुई खिचड़ी भोज में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश महामंत्री रमेश अग्रहरि व्यापार मंडल कौशांबी के जिला अध्यक्ष प्रवेश केशरवानी की उपस्थिति में राम वाटिका योग केंद्र भरवारी में खिचड़ी भोज का आयोजन संपन्न हुआ है इस खिचड़ी भोज में व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं महिला व्यापार मंडल की पदाधिकारी तथा भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे खिचड़ी फौज में जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण चंद्र वैश्य महिला व्यापार मंडल की जिला अध्यक्ष कविता केसरवानी नगर पंचायत भरवारी के पूर्व चेयरमैन गंगा प्रसाद केसरवानी काले भाई अग्रहरि समाज के राष्ट्रीय कायर्कारिणी के अध्यक्ष सुरेश अग्रहरि समाजसेवी जगदीश शिवहरे कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जगदीश वैश्य व्यापार मंडल भरवारी के नगर अध्यक्ष वीरेंद्र केसरी नगर महामंत्री राजेश अग्रहरि नगर कोषाध्यक्ष अखिलेश कौशल नगर के युवा अध्यक्ष शुभम केशरवानी गौरव वैश्य रामलीला कमेटी के अध्यक्ष नीतुल चौधरी महामंत्री वेद प्रकाश डैनी रानू राहुल केसरवानी शेखर केशरवानी कमलेश केशरवानी राम प्रकाश संजय केसरवानी सुनील केसरवानी अभय प्रकाश केसरवानी गुड्डू जौहरी रिंकू अग्रहरि महिला व्यापार मंडल भरवारी की नगर अध्यक्ष अनीता केसरवानी महामंत्री प्रीति केसरवानी जिला उपाध्यक्ष रीता केसरवानी संरक्षिका रेखा केसरवानी श्रीमती मधु कौशल अनीता कौशल दीपा रतन केसरवानी पुष्प लता मनोरमा केसरवानी मीणा केशरवानी श्रीमती ममता रीना केसरवानी मधु शशि सोनी रिचा केसरवानी बिना श्रीमती सरिता मीरा सरला सीता प्रीति रेखा निशा दिव्या केसरवानी सीमा केसरवानी सहित भारी संख्या में महिलाएं तथा पुरुष व्यापारी सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित ' कार्यक्रम मेंआए हुए सभी अतिथियों का व्यापार मंडल ने आभार व्यक्त किया है।

## 15 जनवरी मकर संक्रान्ति पर सार्वजनिक अवकाश

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने शासन के निर्देशानुसार दिनाँक 14 जनवरी, 2026 (बुधवार) मकर संक्रान्ति के निर्बन्धित अवकाश के स्थान पर दिनाँक 15 जनवरी, 2026 (गुरुवार) को मकर संक्रान्ति का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

## कौशांबी में गंगा यमुना नदी के विभिन्न घाटों में लाखों भक्तों ने लगाई डुबकी

**कौशांबी।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गंगा यमुना के विभिन्न घाटों में लाखों भक्तों ने स्नान किया है सुबह से ही गंगा और यमुना के घाटों में स्नान करने वाले भक्तों की भीड़ पहुंचने लगी दोपहर बाद तक गंगा यमुना नदी के घाटों पर स्नान करने वाले भक्तों का पहुंचना जारी रहा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस फोर्स के साथ-साथ पुलिस अधिकारियों ने भी गंगा यमुना नदी के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया और स्नान के दौरान सतर्क रहने की नसीहत भक्तों को दी गई है गंगा यमुना नदी में स्नान के चलते जिले के प्रमुख बाजार कस्बे चौराहा पर भी भारी भीड़ देखी गई है जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु करने के लिए यातायात पुलिस के साथ-साथ थाना पुलिस के जवान को भी व्यवस्था संभालने के लिए अधिकारियों ने तैनात किया था जो पूरे दिन यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में लगे रहे गंगा यमुना नदी में स्नान करने के बाद भक्तों ने मंदिर में पूजा अचर्ना जलाभिषेक किया जगह-जगह पर खिचड़ी भोज का आयोजन भी किया गया है मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी दान करने का विधान धार्मिक ग्रंथो में है जिससे भक्तों ने स्नान के बाद खिचड़ी का दान गरीब कमजोर निर्बल लोगों को किया है मकर संक्रांति के पर्व पर जो भक्त गंगा यमुना नदी में स्नान करने नहीं पहुंच सके हैं उन्होंने घर में ही स्नान करने के बाद खिचड़ी का दान किया है मकर संक्रांति के दिन पतंग बाजी का खेल भी खेलने युवा देखे गए हैं प्रभास गिरी पर्वत पभोषा में मकर संक्रांति पर विशाल मेले का आयोजन था जहां लाखों लोगों की भीड़ पहुंची है सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मेला क्षेत्र में भारी पुलिस फोर्स तैनात रही है महिला पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी मेला की सुरक्षा में लगाई गई थी जिससे मेला क्षेत्र में महिलाओं बालिकाओं ने निभीक होकर के मेला का आनंद लिया है।

## प्रशासन के संरक्षण में जेसीबी संचालको ने तालाब को बनाया था मौत का कुआं

**कौशांबी।** प्रयागराज जनपद के सदर तहसील अंतर्गत अहमदपुर पावन गांव के मजरा हुसैनपुर में मकर संक्रांति के दिन चार बच्चों की जिस तालाब में डूबने से मौत हुई है। इस मौत के मामले में सदर तहसील प्रशासन की भूमिका पर भी बड़े सवाल खड़े हैं। सरकारी जमीन पर जेसीबी संचालक मिट्टी खनन करके समतल जमीन को गहरा तालाब मौत का कुआं बनाते रहे और प्रशासन तमाशबीन बना रहा। सरकारी जमीन से मिट्टी खनन करने के बाद जेसीबी संचालको ने लाखों करोड़ों में सरकारी मिट्टी बिक्री कर दी है और तहसील प्रशासन मिट्टी की बिक्री की रकम का हिस्सेदार बना रहा जिससे समतल जमीन गहरे गड्ढे में तब्दील हो गई और मौत का कुआं बन गई। प्रशासन की इस लूट खसोट के चलते छोटे-छोटे चार बच्चों की तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई है। चार बच्चों की मौत के बाद तहसील प्रशासन पर बड़े सवाल खड़े हैं कि आखिर यदि समतल जमीन से अवैध तरीके से जेसीबी संचालकों को मिट्टी खनन पर रोक लगा दिए होते तो चार निर्दोष मासूम बच्चों की तालाब के गहरे गड्ढे में डूबने से मौत ना होती चार मासूम बच्चों की मौत का गुनहगार प्रयागराज जनपद का सदर तहसील प्रशासन है और सदर तहसील प्रशासन पर चार बच्चों की मौत के मामले में कार्यवाही किए जाने की मांग आम जनता ने सीएम से की है।

# जनपद स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी मण्डल स्तर की प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग



**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी एवं पूर्व विधायक लाल बहादुर ने हमारी संस्कृति-हमारी पहचान के अन्तर्गत संस्कृति उत्सव के तहत डायट ऑडिटोरियम में आयोजित जनपद स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी मण्डल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। किशोर वर्ग की प्रतियोगिता में गायन विधा में चॉदनी मौर्य विजयी रहीं। इसी प्रकार सामूहिक लोक गायन में रिया साहू और टीम, एकल लोकगायन में गोलू कुमार, उपशास्त्रीय गायन में विष्णू शर्मा, एकल स्वर वाद्य हारमोनियम में अंजली पाल, एकल स्वर वाद्य ढोलक में अनमोल शुक्ल,नुक्कड़ नाटक में अर्पित शुक्ला व टीम, सामूहिक लोक नृत्य में रोशनी व टीम, उपशास्त्रीय नृत्य में सोनिया देवी व टीम तथा सामूहिक नृत्य में माही गुप्ता व टीम विजयी रहीं। युवा वर्ग की प्रतियोगिता में ढोलक विधा में रितेश मिश्र, एकल गायन में प्रतिष्ठा शर्मा, एकल नृत्य में निशी ओझा, लोक नृत्य में अनुषा यादव एवं सामूहिक लोक गायन में श्रवण विश्वकर्मा एवं टीम विजयी रहें।इस अवसर पर प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक नीरज केसरी,जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा एवं जिला पंचायराज अधिकारी अनिल कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## गौशाला से बलपूर्वक गोवंश ले जाने का विरोध करने पर दबंगों ने लाठी डंडे से पीटा

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गौशाला से अनिल यादव गोलू यादव सहित आधा दर्जन से अधिक दबंग बुधवार को बलपूर्वक गोवंश को ले जा रहे थे जब सरकारी गौशाला से गोवंशों को ले जाने का विरोध चन्दा लाल पुत्र शौखी लाल निवासी बंधवा कल्याण ने किया तो दबंगों ने चन्दा लाल को लाठी डंडे से मारा पीटा है जिससे उसे चोटें आई हैं होहल्ला सुनकर निमर्ला देवी दिनेश कुमार सुग्गन लाल रतनी देवी मौके पर पहुंचे हैं तो गोवंश ले जा रहे दबंगों ने इन सभी लोगों के साथ भी मारपीट गाली-गलौज किया है आरोप है कि जाति सूचक शब्दों से भी अपमानित किया है गोवंश ले जाने का विरोध करने से बौखलाए दबंगों ने गोवंश की बाल्टी फावड़ा व अन्य सामग्री को तोड़फोड़ दिया है और उपद्रव करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है।

## महिला की जमीन पर जबरिया दबंग कर रहे कब्जा विरोध करने पर किया मारपीट

**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार गांव के मजरा केन में महिला राधा देवी पत्नी सोनू की जमीन पर गांव के दबंग उदय प्रताप गुलाब सिंह बृजेश सिंह राघवेंद्र सिंह आदि ने जमीन में चारों तरफ खंभे गाड़कर तार से घेराबंदी कर जबरिया कब्जा कर रहे हैं जमीन कब्जा करने की नीयत से जमीन पर खंभे गाड़कर घेरा की गई तार को बुधवार को महिला ने विरोध करते हुए उखाड़ दिया है जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई उसके बाद दबंगों ने एक दर्जन महिलाओं आधा दर्जन पुरुषों के साथ मिलकर पीड़ित महिला राधा देवी के साथ जमकर मारपीट की है घसीट घसीट कर महिला को बेरहमी से मारा पीटा गया है जिससे महिला को चोट आई हैं महिला की गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया गया है पीड़ित महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है महिला ने चौकी पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए इन दबंगों से जान का खतरा बताया है और दबंगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# न्यूज झरोखा

## निर्माण कार्य में तेजी लाने के डीएम ने दिए निर्देश

**जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन गेट कम्पलेक्स, टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेन्टर एवं बौद्ध थीम पार्क का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का लिया जायजा**



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने बुधवार को ग्राम-कोसम इनाम उपरहार, कौशाम्बी में निर्माणाधीन गेट कम्पलेक्स, टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेन्टर एवं बौद्ध थीम पार्क का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान मौके पर निर्माण कार्य होते हुए न पाए जाने तथा मौके पर लेबर व कायर्दायी संस्था के अधिकारी कार्मिक के उपस्थित न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट किया। जिस पर बताया गया कि मकर संक्रान्ति का त्यौहार होने के कारण लेबर नहीं आएं। उन्होंने पर्यटन अधिकारी एवं सहायक अभियंता यू.पी.पी.सी.एल. से दूरभाष पर वार्ता कर कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराया जाय। उन्होंने सहायक अभियंता से गेट कम्पलेक्स, टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेन्टर एवं बौद्ध थीम पार्क का निर्माण कार्य लम्बित पाए जाने पर ठेकेदार के विरूद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सम्बन्धित ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्हांने कहा कि अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अधिशासी अभियंता लो.नि.वि. व वरिष्ठ कोषाधिकारी की टीम गठित कर निर्माण कार्य की प्रगति व निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जॉच कराकर आख्या उपलब्ध कराई जाय।

## अपर जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**कौशांबी** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शालिनी प्रभाकर ने एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर) के अन्तर्गत जनपद के कृषकों की शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने, कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए जागरूक/प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने फार्मर रजिस्ट्री से होने वाले लाभ के बारे में बताया कि किसानों को मिलने वाली किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त केवल उन्हीं किसानों के खाते में आयेगी, जिनका फार्मर रजिस्ट्री बन गयी है। किसानों को फसल बीमा का लाभ मिलेगा तथा आपदा से राहत के दौरान फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से राहत प्राप्त करने मे आसानी होगी। किसानों को बीज, खाद/कृषि यन्त्रों/बैंक लोन/किसान क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाली छूट फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से आसानी से प्राप्त हो सकेंगा। भविष्य में किसानों को मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से ही मिलेंगा। किसान भाई नजदीकी जन सेवा केन्द्र के माध्यम से अपना फार्मर रजिस्ट्री करवा सकते हैं।

## क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल मैच में कंथुवा टीम ने लहराया परचम



**टेढ़ी मोड़ कौशांबी** सिराथू तहसील क्षेत्र के कंथुवा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच बुधवार को आयोजित हुआ कंथुवा स्टार के मुकाबले जहानपुर के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए कंथुवा स्टार ने 188 रनों का स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में उतरी जहानपुर की टीम 164 रनों में ही धराशाई हो गई।पहले बल्लेबाजी करते हुए कंथुवा स्टार की टीम ने 14 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 188 रन का स्कोर खड़ा किया था, टीम की ओर से अभय को 13 गेंद में 42 रन बनाने पर मैन ऑफ दी मैच दिया गया लक्ष्य का पीछा करते हुए उतरी जहानपुर की टीम निर्धारित 14 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान 164 रन ही बना पाई। शानदार प्रदर्शन करने पर कंथुवा स्टार टीम के कप्तान अर्जुन निषाद को शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता रणविजय निषाद ने ट्रॉफी, मेडल और 5100/- रुपये का नकद पुरस्कार दिया उपविजेता टीम के कप्तान मजहर को भी मेडल, ट्राफी और 2500/-का पुरस्कार देकर सम्मानित किया।खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता रणविजय निषाद ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलने से वैचारिक समृद्धि के साथ पर्यावरण खुशनुमा होता है। साथ ही ग्रामीण अंचल में पड़ी हुई और छिपी हुई प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का भी अवसर मिलता है। इस बीच उन्होंने जल संरक्षण और स्वच्छता पर भी विशेष बल दिया। आयोजन कमेटी में करन निषाद, मोनू, विकास, अनूप, लक्ष्मीकांत, अरुण, अमन, ज्ञान सिंह, अजय तथा हिमांशु की पूरी टीम मुस्तैदी से लगी रही लवकुश और विकास ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कमेंट्री अजहर और नूर अहमद ने संयुक्त रूप मे किया मैच देखने के लिए नौजवानों की भीड़ लगी रही।

## पिता पुत्र को मारपीट कर तीन लाख रुपए का जेवर नगद उठा ले गए बदमाश

**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के हिसामपुर के मजरा बनियन का डेरा में बीती रात घर के अंदर घुसे बदमाशों ने पिता पुत्र के साथ मारपीट करने के बाद घर से सोने चांदी के जेवर और नगद रुपए उठा ले गए हैं हो हल्ला सुनकर जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो बदमाश भाग गए हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के हिसामपुर के मजरा बनियन का डेरा में बीती रात अमर सिंह पुत्र रामधनी के घर आधा दर्जन बदमाश घर के अंदर घुस गए और घर में पिता अमर सिंह और उसके पुत्र सचिन के साथ जमकर मारपीट की उसके बाद घर में बदमाशों ने लूटपाट किया लूटपाट के दौरान सोने की चेन कान के झुमके मंगलसूत्र अंगूठी कान की बाली नाक का फूल और नाक का बेसर सहित लगभग दो तोला सोने के सामान के साथ-साथ चांदी के जेवर करधनी अलता पेटी छागल सहित लगभग साढ़े सात सौ ग्राम चांदी का जेवर बदमाश उठा ले गए इसके साथ-साथ एक लाख से अधिक नगद रुपए भी बदमाश घर से उठा ले गए हैं पीड़ित परिवार में मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है।

## प्रदेश के.राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार का जनपद भ्रमण कार्यक्रम

**कौशांबी** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उ.प्र. दिनेश प्रताप सिंह दिनांक 15 जनवरी, 2026 को अपरान्ह 01 बजे मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर सामाजिक समरसता भोज एवं श्री दुर्गा देवी इण्टर कॉलेज-ओसा के नवनिर्मित एवं पुनर्निर्मित विद्यालय भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अपरान्ह 02:30 बजे रायबरेली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जिलाधिकारी ने की बाल कल्याण समिति की समीक्षा

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने बुधवार को बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड की समीक्षा बैठक की बैठक में अध्यक्ष बाल कल्याण समिति ने बताया कि परिवार में पुनर्वासित 78 बच्चों तथा संस्थानों में आवासित 26 बच्चे का फॉलो-अप लिया जा रहा है। माह दिसम्बर, 2025 में 19 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। माह दिसम्बर, 2025 में देखरेख एवं संरक्षण से सम्बन्धित 46 नये प्रकरण प्राप्त हुये है। सदस्य किशोर न्याय बोर्ड ने बताया कि माह दिसम्बर में 09 नये मामले आये है, 05 मामलों का निस्तारण किया गया। वर्तमान में कुल 426 मामलें लम्बित है जिलाधिकारी ने कहा कि नियमानुसार सभी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय तथा विधिक प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए लम्बित मामलों का निस्तारण एवं फॉलो-अप कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्हांने बालश्रम के विरूद्ध अभियान में लापरवाही पाए जाने पर श्रम प्रर्वतन अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि अभियान चलाकर बाल श्रमिकों का चिन्हांकन करते हुये नियमानुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष की समीक्षा के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी से कहा कि सभी लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाय।

## सम्पादकीय

### चीन से क्या हम भाषायी बोध सीख सकते हैं

**हिंदी** के संदर्भ में देखें तो राजभाषा और राष्ट्रभाषा के बीच शाब्दिक ही नहीं, भावात्मक फर्क भी है। फिर भी एक बड़ा वर्ग हिंदी को राष्ट्रभाषा भी मानता है। यही वजह है कि हर साल ग्रेगोरियन कैलेंडर के नौंवे महीने की दस्तक के साथ ही, हर सरकारी दफ्तर राजभाषा पखवाड़े या महीने को लेकर उत्साह से भर उठता है। कुछ ऐसा ही पड़ोसी चीन में भी अब होता नजर आ रहा है। अब वहां सितंबर का तीसरा सप्ताह ह्यराष्ट्रीय सामान्य भाषा और लिपिह्न को समर्पित होगा। भारत और चीन के सितंबर महीने के भाषायी उत्साह में एक अंतर रहेगा, राष्ट्रभाषा बनाने की आस में हिंदी के राजभाषा ओहदे को याद किया जाएगा, जबकि चीन अपनी मंदारिन भाषा को बाकायदा राष्ट्रभाषा के तौर पर और आगे बढ़ाने की ओर अग्रसर होगा।

भाषायी चिंतन और व्यवहार को लेकर भारत और चीन को लेकर तकरीबन एक ही सोच है। भारत में एक मानस ऐसा है, जिसे हिंदी की कीमत पर भी पर अंग्रेजी स्वीकार्य है। यह धारा मानती है कि वेगवान आर्थिक विकास की वजह से चीन का भाषायी व्यवहार भी इसी भारतीय मानस की तरह बदल चुका है। बेशक चीन ने अंग्रेजी सीखने-सिखाने की दिशा में भरपूर निवेश किया है। अपनी आर्थिक ताकत के चलते पश्चिम के नामी विश्वविद्यालयों में चीनी सत्ता प्रतिष्ठान अपने लिए अध्ययन पीठ स्थापित कर चुका है। गौर करने की बात है कि उसने यह सब अलग और अतिरिक्त अनुशासन और ज्ञान के साधन के तौर पर किया है, भारत की तरह अपनी भाषा, विशेषकर हिंदी की कीमत पर ऐसा नहीं किया है। अंग्रेजी का पहला वैश्विक विस्तार ब्रिटिश उपनिवेशीकरण के दौर में हुआ और दूसरी बार उसका प्रसार रीगन-थैचर की जोड़ी के आर्थिक उदारीकरण के बढ़ते कदमों के साथ हुआ। इस संदर्भ में चीन और भारत के भाषायी चिंतन और व्यवहार फर्क साफ नजर आता है। पिछली सदी के अस्सी के दशक में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख देंग झिआओपिंग ने आर्थिक खुलेपन की नींव रखी। यह 1978 का साल था। इसके ठीक दो साल बाद भारत में इंदिरा गांधी की सत्ता में वापसी हुई और उन्होंने भी धीरे-धीरे इंस्पेक्टर राज कम करने की शुरूआत की। उनकी उदारीकरण की सोच को राजीव गांधी ने परवान चढ़ाया। 1991 के आम चुनावों के घोषणा पत्र में कांग्रेस ने पहली बार समाजवादी आर्थिक नीतियों के बरक्स उदारीकरण का वादा किया। तब से अब तक की दोनों देशों की आर्थिक विकास यात्रा को देखें तो अंतर साफ नजर आता है। चीन आज अमेरिका के बाद दुनिया की दूसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति है। उसकी तेज आर्थिक यात्रा के समानांतर अंग्रेजी का विस्तार नहीं दिखता। जबकि भारत में इसके ठीक उलट नजारा दिखता है। उदारीकरण के बरक्स दोनों देशों के भाषायी चिंतन में भी फर्क नजर आता है। यह फर्क ही है कि चीन अब अपनी मंदारिन भाषा और उसकी लिपि को लेकर सितंबर महीने के तीसरे हफ्ते को समर्पित कर रहा है। चीन की सर्वोच्च विधि निमार्ता संस्था ह्यराष्ट्रीय जन प्रतिनिधि सभाह्न की स्थाई समिति द्वारा बीते 27 दिसंबर को इससे जुड़ा कानून पारित करना इसी सोच का प्रतीक है।

# बचत और खर्च का असंतुलनः नये भारत के लिए बड़ी चुनौती

-ललित गर्ग-

**महामारी** के बाद की दुनिया केवल स्वास्थ्य के स्तर पर ही नहीं, बल्कि आर्थिक सोच और व्यवहार में भी एक बड़े संक्रमण से गुजरी है। वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं की अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव, बढ़ती महंगाई, तकनीक-आधारित बाजार और उपभोक्तावादी संस्कृति के तीव्र प्रसार ने लोगों की खर्च करने की प्रवृत्ति को असाधारण रूप से बढ़ा दिया है। इस बदलाव का सबसे गहरा असर घरेलू बचत पर पड़ा है। भारत सहित अनेक देशों में घरेलू बचत दरें ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर पहुंच चुकी हैं। उपभोग बढ़ रहा है, लेकिन भविष्य की सुरक्षा के लिए आवश्यक बचत निरंतर घटती जा रही है। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चिंता का विषय भी बनती जा रही है। भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए घरेलू बचत सदैव विकास की रीढ़ रही है। बुनियादी ढांचे से लेकर औद्योगिक निवेश तक, भारत की विकास गाथा में घरेलू बचत की भूमिका निर्णायक रही है। परंतु आज स्थिति यह है कि विशेषकर युवा पीढ़ी में बचत की दर 10 से 15 प्रतिशत तक सिमट गई है। यह आंकड़ा किसी भी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तब बचत और खर्च के बीच असंतुलन एक गंभीर चेतावनी के रूप में सामने आ रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में युवाओं की भूमिका को हमेशा निर्णायक माना है और वे बार-बार यह संदेश देते रहे हैं कि बचत केवल व्यक्तिगत सुरक्षा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव है। उनके अनुसार उपभोग से पहले बचत की संस्कृति युवाओं में आत्मनिर्भरता, अनुशासन और दीर्घकालिक सोच का विकास करती है। जन-धन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, डिजिटल बचत और निवेश के माध्यमों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि छोटे-छोटे नियमित निवेश भविष्य की बड़ी आर्थिक शक्ति बनते हैं। मोदी का विचार है कि जब युवा वर्ग आज अनावश्यक खर्च से बचकर बचत और उत्पादक निवेश की ओर अग्रसर होगा, तभी भारत की अर्थव्यवस्था स्थिर, समावेशी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकेगी; क्योंकि आत्मनिर्भर युवा ही सशक्त भारत की सबसे बड़ी पूंजी है।

भारतीय परंपरा में बचत को केवल आर्थिक क्रिया नहीं, बल्कि एक सद्गुण माना गया है। ह्लआज की बचत, कल का संबलह्व जैसी कहावतें हमारे सामाजिक व्यवहार का हिस्सा रही हैं। गृहस्थ जीवन में संतुलन, संयम और संचय को जीवन-मूल्य के रूप में स्वीकार किया गया। बच्चों की गुल्लक, अनाज के कोठार, गहनों के रूप में सुरक्षित धन, और त्योहारों पर सीमित व सादगीपूर्ण खर्च-ये सब भारतीय जीवनशैली के अभिन्न अंग थे। संकट के समय भारतीय परिवार किसी के सामने हाथ फैलाने की बजाय अपनी जमा पूंजी और संसाधनों पर भरोसा करता था। यह आत्मनिर्भरता भारतीय समाज की शक्ति रही है। लेकिन बदलती जीवनशैली और बाजार-प्रेरित संस्कृति ने इस परंपरा को कमजोर किया है। आज ह्यजियो अभीह्न की मानसिकता, आसान कर्ज, ईएमआई संस्कृति, क्रेडिट कार्ड, ऑनलाइन शॉपिंग और सोशल मीडिया पर दिखावे की प्रतिस्पर्धा ने खर्च को एक




प्रकार की पहचान बना दिया है। उपभोग अब आवश्यकता से अधिक आकांक्षा से संचालित होने लगा है। अनुभवों, ब्रांड और त्वरित संतुष्टि को प्राथमिकता देने से दीर्घकालीन वित्तीय सुरक्षा पीछे छूटती जा रही है। विशेषकर जेन-जी और युवा मिलेनियल पीढ़ी के लिए बचत एक बोझ या भविष्य की अस्पष्ट चिंता जैसी प्रतीत होने लगी है। यह स्थिति भारतीय दर्शन की मूल भावना के विपरीत है। भारतीय विचार परंपरा न अति भोग की पक्षधर है, न अति त्याग की। संयम, संतुलन और विवेक का मार्ग ही श्रेष्ठ माना गया है। यही सिद्धांत आर्थिक जीवन में भी लागू होता है। उपभोग आवश्यक है, क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था गतिशील रहती है, रोजगार सृजन होता है और नवाचार को प्रोत्साहन मिलता है। परंतु जब खर्च अनियंत्रित हो जाए और बचत उपेक्षित हो जाए, तब व्यक्ति ही नहीं, समाज और राष्ट्र भी असुरक्षित हो जाते हैं।

अनुभवों, ब्रांड और त्वरित संतुष्टि को प्राथमिकता देने से दीर्घकालीन वित्तीय सुरक्षा पीछे छूट रही है। भारतीय आर्थिक सोच में बचत को आर्थिक सुरक्षा और विकास का आधार माना जाता है, जहाँ घर-परिवार की आय का एक बड़ा हिस्सा (लगभग 70 प्रतिशत) घरेलू बचत से आता है, जो सोने, स्थायी जमा और पीपीएफ जैसी योजनाओं में होता है, लेकिन नई पीढ़ी में ह्यखर्च करोह्न की सोच बढ़ी है, जिससे बचत की दरें घट रही हैं, जबकि वित्तीय साक्षरता और सरकारी योजनाओं (पीपीएफ, एनएससी, सुकन्या समृद्धि) के जरिए इसे फिर से बढ़ाने पर जोर है, क्योंकि बचत से ही निवेश और आर्थिक विकास संभव है। आज की वैश्विक परिस्थितियां इस असुरक्षा को और गहरा कर रही हैं। भू-राजनीतिक तनाव, युद्ध, जलवायु संकट, तकनीकी बदलाव और रोजगार की अनिश्चितता यह संकेत देती है कि भविष्य पहले से अधिक अस्थिर है। ऐसी स्थिति में बचत और निवेश दोनों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि भारतीय समाज अपनी बचत संस्कृति से दूर होता गया, तो दीर्घकाल में आर्थिक आत्मनिर्भरता कमजोर पड़ सकती है। विदेशी पूंजी पर निर्भरता बढ़ेगी और घरेलू संसाधनों की भूमिका सीमित होती जाएगी।

युवाओं को वित्तीय साक्षरता के माध्यम से बचत और निवेश का महत्व समझाना होगा। यह भी ध्यान देने योग्य है कि बचत में गिरावट का सीधा प्रभाव पारिवारिक एवं सामाजिक सुरक्षा पर पड़ता है। भारत में अभी भी व्यापक सामाजिक सुरक्षा तंत्र सीमित है। पेंशन, स्वास्थ्य बीमा और बेरोजगारी सहायता जैसी व्यवस्थाएं पूरी आबादी को नहीं कवर करतीं। ऐसे में व्यक्तिगत और पारिवारिक बचत ही संकट के समय सहारा बनती है। यदि बचत घटती रही, तो आर्थिक झटकों का असर अधिक विनाशकारी होगा। समस्या केवल युवाओं की मानसिकता तक सीमित नहीं है। वित्तीय साक्षरता की कमी भी इसका एक बड़ा कारण है। आज भी बड़ी संख्या में युवा यह नहीं समझ पाते कि बचत और निवेश में अंतर क्या है, महंगाई का असर कैसे पड़ता है, और छोटी-छोटी नियमित बचत किस प्रकार दीर्घकाल में बड़ा संबल बन सकती है। तकनीक का उपयोग यदि उपभोग बढ़ाने में हो रहा है, तो उसी तकनीक का उपयोग बचत और निवेश को सरल और आकर्षक बनाने में भी किया जा सकता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म, माइक्रो-सेविंग्स, स्वचालित निवेश योजनाएं और वित्तीय शिक्षा ऐप्स इस दिशा में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं।

परिवार की भूमिका भी यहां अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चों में विवेकपूर्ण खर्च और बचत की आदत बचपन से ही डाली जानी चाहिए। माता-पिता यदि स्वयं संतुलित व्यवहार अपनाएं, तो उसका प्रभाव स्वाभाविक रूप से अगली पीढ़ी पर पड़ता है। शिक्षा व्यवस्था में भी वित्तीय अनुशासन और आर्थिक साक्षरता को स्थान दिया जाना चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी केवल कमाने पर ही नहीं, संभालने और संजोने पर भी ध्यान दे।

# मुस्लिम सावधान : ओवैसी बंगाल में हिजाबी मुख्यमंत्री का शिगूफा छेड़ सकते हैं!

शकील अख्तर

**देश** में जहां अभी केन्द्र सरकार में एक भी मुसलमान मंत्री तक नहीं है वहां हिजाबी महिला के प्रधानमंत्री पद तक पहुंच जाने की बात करना सिवाय जज्बात भड़काने के और क्या है? मुस्लिम महिला के सशक्तिकरण के बहुत सारे काम होना है। प्रधानमंत्री सिर्फ एक ही बनेगी लेकिन नौकरी पाकर बहुत बड़ी तादाद में महिलाएं मजबूत होंगी। महिला शिक्षा महिलाओं के आर्थिक रूप से स्वावलंबी होने पर ओवैसी कभी बात नहीं करते हैं।



असदउद्दीन ओवैसी को बड़ा बैरिस्टर कहकर उनका महिमामंडन किया जाता है। लेकिन एक सामान्य वकील भी जानता है कि उन्हें किसी ऐसे तर्क का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए जो उसके क्लाइंट के लिए ही उल्टा पड़ सकता हो। एक बार नहीं दूसरी बार फिर ओवैसी ने कहा है कि एक दिन हिजाब पहनने वाली महिला भारत की प्रधानमंत्री बनेगी।

भारत का प्रधानमंत्री कोई भी बन सकता है। संविधान कहता है। मगर अभी तक कोई दलित भी नहीं बन सका है। अपने व्यक्तिगत करिश्मे के दम पर मायावती को यह मौका मिल सकता था। मगर डर की राजनीति की वजह से उन्होंने यह गंवा दिया। बड़ी पार्टियों में से भाजपा अपनी मनुवादी सोच के कारण कभी किसी दलित को यह मौका नहीं दे सकती है। उसकी तो आरक्षण और उस संविधान को भी जिसमें आरक्षण की व्यवस्था की गई है खत्म करने की मंशा है। मगर मौका नहीं मिल रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी चार सौ पार मांगे थे मगर अभी थोड़ा होश में बची जनता और विपक्ष के एकजुट होकर चुनाव लड़ने की वजह से उनकी यह इच्छा पूरी नहीं हो सकी। वहां दलित प्रधानमंत्री की बात कोई सोच भी नहीं सकता। संघ की और बीजेपी की पूरी राजनीति सामाजिक न्याय के सिद्धांत के विरोध में है। वापस पुरानी व्यवस्था बनाना। जिसे वह समरसता कहती है। यह शब्द संघ का ही गढ़ा हुआ है। मगर जानकारी के अभाव में कांग्रेस और दूसरी पार्टियों के नेता, लेखक पत्रकार भी इस शब्द का उपयोग सामाजिक न्याय के संदर्भ में करते रहते हैं। जबकि यह शब्द कहता है कि दलित पिछड़ों को स्थापित समाज के साथ समरस रहना चाहिए। मतलब उनके अनुसार बनी हुई सामाजिक व्यवस्था में।

दलित नेता रामदास अठावले यह जानते हैं। मोदी के साथ रहने के बावजूद उन्होंने पत्र लिखकर उनसे कहा था कि सरकारी कागजों में सामाजिक न्याय के बदले इस शब्द का इस्तेमाल किया जाने लगा है। इसे बंद होना चाहिए। जाहिर है कि उनकी इस बात को किसी को सुनना नहीं था। मगर संतोष की बात है कि कुछ दलित नेता संघ की इन बारीक कारगुजारियों को समझते हैं। कुछ कर नहीं पाएं वह अलग बात है।

तो दलित जिसे वे हिन्दुत्ववादी राजनीति में शामिल मानते हैं उसे वे देश के सर्वोच्च पद की लिए स्वीकार नहीं कर सकते तो मुस्लिम का नाम जिसके खिलाफ उनकी पूरी राजनीति है उसकी हिजाबी महिला का नाम आना तो उनकी ध्रुवीकरण की राजनीति के लिए और फायदेमंद ही है।

ओवैसी यह काम कर रहे हैं। कहा जा रहा था कि बीजेपी की हिन्दू-मुस्लिम राजनीति कमजोर पड़ गई है। तो उसे वापस मजबूत करने के लिए ओवैसी ने अपने इस बयान को फिर दोहरा दिया। इससे पहले वे कर्नाटक में इस विषय पर हुए विवाद के बाद यही बात कि हिजाबी लड़की एक दिन भारत की प्रधानमंत्री बनेगी कह चुके थे।

ओवैसी मुस्लिम की राजनीति करते हैं। और इस के लिए वे सबसे बड़ा मुद्दा यह उठाते हैं कि मुस्लिम का नेता मुस्लिम ही हो सकता है। वे मुस्लिम कयादत की बात करते हैं। यह बात तो बीजेपी को बहुत सूट करती है। 15-16 प्रतिशत मुस्लिम का नेता मुस्लिम तो बाकी हिन्दुओं का नेता हिन्दू। तो उनकी मुस्लिम कयादत की राजनीति में देश का बहुसंख्यक गैर मुस्लिम हिजाबी महिला प्रधानमंत्री को कैसे स्वीकार कर लेगा?

देश में जहां अभी केन्द्र सरकार में एक भी मुसलमान मंत्री तक नहीं है वहां हिजाबी महिला के प्रधानमंत्री पद तक पहुंच जाने की बात करना सिवाय जज्बात भड़काने के और क्या है? मुस्लिम महिला के सशक्तिकरण के बहुत सारे काम होना है। प्रधानमंत्री सिर्फ एक ही बनेगी लेकिन नौकरी पाकर बहुत बड़ी तादाद में महिलाएं मजबूत होंगी। महिला शिक्षा महिलाओं के आर्थिक रूप से स्वावलंबी होने पर ओवैसी कभी बात नहीं करते हैं।

बस बैरिस्टर साहब हिजाबी महिला के प्रधानमंत्री बनने की बात हर उस समय दोहरा देते हैं जब बीजेपी को साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए उसकी जरूरत होती है। यह बैरिस्टर विपक्षी को अपने क्लाइंट (मुस्लिम जिसके वे कायद,नेता होने का दावा करते हैं) पर और ज्यादा हमले करने का मौका मुहैया करवाते हैं।

बंगाल में चुनाव हैं। बीजेपी को मुस्लिम वोट काटने की सबसे ज्यादा जरूरत है। इसके लिए सबसे ज्यादा उपयोगी ओवैसी ही हो सकते हैं। इस तरह के जज्बात भड़काकर वे मुस्लिम वोट काटते हैं और इसका फायदा बीजेपी को मिलता है।


अभी बिहार में सबसे देख लिया। ओवैसी ने बीजेपी के साम्प्रादायिक ध्रुवीकरण का साथ देकर उसके अब तक के सर्वाधिक 89 विधायकों को चुनाव जितवा दिया और खुद भी सबसे ज्यादा 5 मुस्लिम विधायक जितवा लिए। लेकिन नुकसान क्या हुआ? 243 सीटों में से मुस्लिम विधायकों की संख्या केवल 11 रह गई। जबकि पिछली बार 2020 में 19 थी। और 2015 में 24।

ओवैसी की खुद की सीटें आ जाती हैं और बाकी धर्मनिरपेक्ष पार्टियों की सीटें भी कम हो जाती हैं और उनसे लड़ने वाले मुस्लिम प्रत्याशी भी हार जाते हैं। ज्यादा जानें समाचार अलर्ट सेवा खेलजगत समाचार पत्रकारिता पाठ्यक्रम साक्षात्कार संग्रह युवा विशेष सामग्री दिल्ली समाचार संपादकीय लेख संग्रह समाचार विश्लेषण रिपोर्ट राजस्थान समाचार हिंदी समाचार पत्र सदस्यता बंगाल में इस बार बीजेपी हर दांव आजमा रही है। ममता बनर्जी के लिए हर फ्रंट पर मुश्किलें खड़ी कर रही है। ईडी की एंट्री करवा दी है। एसआईआर चल ही रहा है। और धार्मिक विभाजन के लिए वहां बाबरी मस्जिद बनवाने और हिजाबी महिला के प्रधानमंत्री बनने की जज्बाती राजनीति की शुरूआत करवा दी गई है। बिहार में तो केवल 18 प्रतिशत ही मुस्लिम वोट थे। बंगाल में इससे लगभग दो गुने हैं। वहां इस समय 44 मुस्लिम विधायक हैं। मगर इससे बहुत ज्यादा संख्या में वहां मुस्लिम धर्मनिरपेक्ष दलों को जिनमें इस समय वहां टीएमसी ही प्रमुख है, चुनाव जितवाता है। हुमायूं कबीर जो वहां बाबरी मस्जिद के नाम पर राजनीति कर रहे हैं और ओवैसी जो अभी तो हिजाबी मुस्लिम महिला को प्रधानमंत्री बनाने की बात कर रहे हैं चुनाव आने तक कोई आश्चर्य नहीं करना कि वे बंगाल में हिजाबी मुख्यमंत्री की बात न करने लगें। प्रधानमंत्री दूर की चीज है। बंगाल में महिला मुख्यमंत्री हैं तो यहां हिजाबी मुख्यमंत्री का नारा ज्यादा चलेगा! सावधान ममता को या दूसरे धर्मनिरपेक्ष दलों को नहीं रहना है। वे तो अपने सिद्धांतों पर रहेंगे होशियार मुस्लिम को रहना होगा। जिन्ना की इसी तरह की राजनीति ने उसे बहुत नुकसान पहुंचाया है। और जो पाकिस्तान जिन्ना ने बनाया वह पूरी तरह एक फेल्ड स्टेट (असफल राष्ट्र) में तबदील हो चुका है। तरक्की के मामले में वह भारत के मुकाबले कहीं नहीं है। भारत का मुसलमान हमेशा से धर्मनिरपेक्ष नेताओं को ही अपना नेता मानता रहा है। पहले नेहरू को माना फिर मुलायम, लालू, ममता बनर्जी जैसे क्षेत्रीय दलों के नेताओं के साथ भी गया। लेकिन अब ओवैसी नया शिगुफा लाए हैं। मुसलमानों को अपनी कयादत खड़ी करना होगी। 15-16 प्रतिशत आबादी अपनी कयादत खड़ी करके क्या करेगी? वही हाल होगा जो अभी बिहार में हुआ। न कयादत खड़ी होगी न दूसरे धर्मनिरपेक्ष दल जीत पाएंगे। न खुदा ही मिला न विसाले सनम वाली हालत हो जाएगी। बंगाल के साथ अभी असम और केरल में भी चुनाव हैं। वहां भी बंगाल की तरह मुस्लिम विधायकों की संख्या अच्छी खासी है। दोनों जगह 32-32 विधायक हैं। इनके साथ तमिलनाडु में भी चुनाव हैं वहां 6 हैं। और पुडुचेरी में एक। हवा सब जगह एक साथ चलेगी। मीडिया इसे और बढ़ाएगा। रोकना केवल मुस्लिम के हाथ में है। जज्बातों में नहीं बहना। जो इशु बेरोजगारी, महंगाई, सरकारी शिक्षा, सरकारी चिकित्सा उसके हिन्दू भाइयों के हैं वही उसके भी। हिजाबी प्रधानमंत्री और हिजाबी मुख्यमंत्री कोई इशु नहीं हैं। यह जबर्दस्ती बनाया जा रहा इशु है। भावनाओं को भड़काने के लिए। ज्यादा जानें कविता संग्रह छत्तीसगढ़ स्थानीय समाचार समाचार अलर्ट सेवा खेल समाचार अपडेट विविध समाचार संग्रह बॉलीवुड समाचार एक्सेस दिल्ली समाचार डिजिटल समाचार सदस्यता हिंदी समाचार सदस्यता समाचार विश्लेषण रिपोर्ट मुस्लिम को बहुत सावधान रहने की जरूरत है। भाजपा की हिन्दू-मुस्लिम राजनीति को अब हिन्दू नकार रहा है। बहुत नुकसान उठा लिया उसने। सरकारी नौकरी खत्म हो गईं। उसके बच्चे बेरोजगार घूम रहे हैं। इसलिए अब दांव मुस्लिम पर लगाया जा रहा है ।

# माधव गाडगिल : प्रकृति, विज्ञान और जनतंत्र के पक्षधर पर्यावरणविद्

राज कुमार सिन्हा

**आज** जब भारत विकास, जलवायु संकट और प्राकृतिक आपदाओं के चौराहे पर खड़ा है, माधव गाडगिल की सोच हमें यह याद दिलाती है कि प्रकृ ति के साथ सह-अस्तित्व ही टिकाऊ भविष्य का एकमात्र रास्ता है। माधव गाडगिल केवल एक वैज्ञानिक नहीं, बल्कि विकास के वैकल्पिक मॉडल के विचारक हैं। उनका जीवन और कार्य इस बात का प्रमाण है कि सच्चा विकास वही है जो प्रकृति, समाज और लोकतंत्र तीनों के बीच संतुलन स्थापित करे।



भारत में पर्यावरण संरक्षण की वैचारिक और वैज्ञानिक नींव रखने वाले जिन व्यक्तित्वों ने विकास की मुख्यधारा को चुनौती दी, उनमें प्रो. माधव धोंडो केशव गाडगिल का नाम अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे न केवल एक प्रतिष्ठित पारिस्थितिकी वैज्ञानिक रहे हैं, बल्कि उन्होंने पर्यावरण को लोकतंत्र, स्थानीय समुदायों और सामाजिक न्याय से जोड़कर देखने का साहसिक प्रयास किया। प्रो. माधव गाडगिल का 7 जनवरी 2026 को पुणे स्थित उनके निवास पर बीमारी के बाद 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अपने पीछे पारिस्थितिकी विज्ञान और संरक्षण के क्षेत्र में एक गहरी और स्थायी विरासत छोड़ गए हैं। माधव गाडगिल का जन्म 24 अप्रैल 1942 को महाराष्ट्र में हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय से जीवविज्ञान में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इसके पश्चात वे उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका गए, जहां उन्होंने हार्वर्ड विश्वविद्यालय से पारिस्थितिकी (इकोलॉजी) में पीएचडी की। भारत लौटने के बाद उन्होंने अपना जीवन देश की जैव विविधता, जंगलों, आदिवासी समाज और प्राकृतिक संसाधनों के अध्ययन एवं संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। वे लंबे समय तक भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु में प्रोफेसर रहे और भारत में पारिस्थितिकी विज्ञान को एक नई दिशा दी।

गाडगिल का वैज्ञानिक कार्य मुख्यतः जैव विविधता संरक्षण, पारिस्थितिकी, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और मानव-प्रकृति संबंध पर केंद्रित रहा। उन्होंने यह स्थापित किया कि जंगल केवल लकड़ी या खनिज संसाधन नहीं हैं, बल्कि वे स्थानीय समुदायों की आजीविका, संस्कृति और अस्तित्व से गहराई से जुड़े हैं।

उनका मानना था कि केंद्रीकृत और कॉपोर्रेट-प्रधान विकास मॉडल पारिस्थितिक असंतुलन और सामाजिक असमानता को बढ़ाता है। इसके विकल्प के रूप में उन्होंने स्थानीय समुदायों की भागीदारी पर आधारित संसाधन प्रबंधन का सिद्धांत प्रस्तुत किया। पश्चिमी घाट रिपोर्ट और विकास की बहसः माधव गाडगिल को व्यापक राष्ट्रीय पहचान पश्चिमी घाट पारिस्थितिकी विशेषज्ञ पैनल के अध्यक्ष के रूप में मिली। वर्ष 2011 में प्रस्तुत यह रिपोर्ट पश्चिमी घाट को पारिस्थितिक रूप से अति-संवेदनशील क्षेत्र घोषित करने की सिफारिश करती है। रिपोर्ट में खनन, बड़े बांधों, अनियंत्रित शहरीकरण और औद्योगिक परियोजनाओं पर कड़े प्रतिबंधों की अनुशंसा की गई। साथ ही, निर्णय प्रक्रिया में ग्राम सभा और स्थानीय निकायों को केंद्रीय भूमिका देने पर जोर दिया गया। हालांकि, यह रिपोर्ट उद्योग जगत और कई राज्य सरकारों को असहज लगी और अंततः इसे कमजोर करने का प्रयास किया गया। इसके बावजूद गाडगिल रिपोर्ट आज भी पर्यावरणीय विमर्श में एक साहसिक और वैकल्पिक दस्तावेड्डा मानी जाती है। वे जैव विविधता अधिनियम, 2002 के प्रमुख शिल्पकारों में से एक थे और जैव विविधता रजिस्टर की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में उनकी केंद्रीय भूमिका रही, जिससे ग्राम पंचायतों को स्थानीय संसाधनों और उनके ज्ञान की समान व न्यायपूर्ण रक्षा का अधिकार मिला।

माधव गाडगिल का सबसे महत्वपूर्ण योगदान यह है कि उन्होंने पर्यावरण को केवल वैज्ञानिक या तकनीकी मुद्दा नहीं माना, बल्कि इसे लोकतांत्रिक अधिकारों से जोड़ा। वे कहते रहे कि यदि निर्णय कुछ विशेषज्ञों या कॉपोर्रेट समूहों द्वारा लिए जाएंगे, तो पर्यावरण विनाश अवश्यंभावी है। उन्होंने वन अधिकार अधिनियम, ग्राम सभा की भूमिका और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को संरक्षण की कुंजी माना। यह दृष्टिकोण भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में विशेष रूप से प्रासंगिक है। प्रो. गाडगिल को उनके योगदान के लिए पद्म भूषण सहित अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा गया। लेकिन उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान वह जनचेतना है, जिसे उन्होंने पर्यावरण के सवाल पर विकसित किया।

आज जब भारत विकास, जलवायु संकट और प्राकृतिक आपदाओं के चौराहे पर खड़ा है, माधव गाडगिल की सोच हमें यह याद दिलाती है कि प्रकृ ति के साथ सह-अस्तित्व ही टिकाऊ भविष्य का एकमात्र रास्ता है। माधव गाडगिल केवल एक वैज्ञानिक नहीं, बल्कि विकास के वैकल्पिक मॉडल के विचारक हैं।

उनका जीवन और कार्य इस बात का प्रमाण है कि सच्चा विकास वही है जो प्रकृति, समाज और लोकतंत्र तीनों के बीच संतुलन स्थापित करे।

# पाठा के पिछड़े गांवों में शिक्षा की अलख इंजी0 वर्षा सिंह बना रहीं बदलाव की मिसाल

● निशुल्क शिक्षा कैंप से बदल रही तस्वीर

● पाठा क्षेत्र में जागरूकता की नई पहल

**अखंड भारत संदेश**



पाठा क्षेत्र के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देती इंजीनियर वर्षा

**मानिकपुर/चित्रकूट।** जनपद के अति पिछड़े माने जाने वाले पाठा क्षेत्र (मानिकपुर) में शिक्षा और सामाजिक जागरूकता की एक नई कोशिश देखने को मिल रही है। रामपुर बराह निवासी इंजीनियर वर्षा सिंह ने ग्रामीण अंचल के उन बच्चों तक शिक्षा पहुँचाने का संकल्प लिया है, जो संसाधनों की कमी और जागरूकता के अभाव में मुख्यधारा से पीछे रह जाते हैं। समाजसेवा की विरासत से जुड़ी वर्षा सिंह, पुखराज सिंह की पुत्रवधु और सिद्धपुर बनाड़ी निवासी प्रख्यात समाजसेवी इंजीनियर नरेंद्र सिंह पटेल की सुपुत्री हैं और उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ा रही हैं।

इंजीनियर वर्षा सिंह नियमित रूप से पाठा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में निशुल्क शिक्षा कैंप लगाकर बच्चों को पढ़ा रही हैं। इन कैंपों में बच्चों को बुनियादी शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और आत्मविश्वास का पाठ भी पढ़ाया जा रहा है। उनका प्रयास केवल बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि वे गांव के बुजुर्गों और महिलाओं को भी शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक कर रही हैं, ताकि बच्चों की पढ़ाई को घर से भी समर्थन मिल सके। हाल ही में आयोजित कैंपों में खुले आसमान के नीचे व्हाइटबोर्ड के सहारे पढ़ाई करते दृश्य उनके समर्पण को बयां करते हैं। बड़ी संख्या में बच्चों और ग्रामीणों की सहभागिता यह संकेत देती है कि यह पहल धीरे-धीरे असर दिखा रही है। वर्षा सिंह का कहना है कि शिक्षा ही समाज में स्थायी बदलाव का माध्यम है और पाठा क्षेत्र का हर बच्चा शिक्षित होकर अपने गांव की तस्वीर बदल सकता है।

## चार मुकाबलों में बिखरी क्रिकेट की रोमांचक लहर, बरेठी ग्राउंड बना दर्शकों का केंद्र

**चित्रकूट।** सुपर चैलेंज कप बरेठी 2026 का रंगारंग आगाज बरेठी क्रिकेट ग्राउंड में हुआ, जहां युवाओं ने दर्शकों को रोमांचक मुकाबलों का आनंद दिया। पहला मैच यू-19 खैरी और चैरा के बीच खेला गया, जिसमें चैरा ने टॉस जीतकर 63 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए खैरी टीम 58 रन पर ऑल आउट हुई। मैच के हीरो रजनीश रहे, जिन्होंने 3 विकेट के साथ 10 रन बनाए। दूसरे मैच में चैरा और बरेठी आमने-सामने आएय बरेठी ने 12 ओवर में 93 रन बनाकर 10 रन से जीत दर्ज की, हीरो नरेंद्र रहे। तीसरे मैच में राजापुर ने 6 ओवर में मछली मंडी के 93 रन का लक्ष्य पूरा किया, विशम्भर यादव ने 2 विकेट और 30 रन से शानदार प्रदर्शन किया। चैथे मैच में भद्देदू ने राजापुर के 50 रन का पीछा करते हुए 8 ओवर में जीत हासिल की, प्रताप सिंह ने 5 विकेट और 30 रन बनाए। इस अवसर पर ग्रामीण और क्षेत्रीय लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजक अभिनन्दन यादव ने सभी का धन्यवाद किया।

## छात्रों की रचनात्मकता को मंच देने आ रहा संस्कृति उत्सव, तहसीलों में होंगे आयोजन

● विद्यालयों में गूंजेगी संस्कृति की आवाज

● संस्कृति उत्सव 2025-26 का कार्यक्रम घोषित

**चित्रकूट।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत शिक्षा विभाग एवं आयोजक संस्था द्वारा चयनित विद्यालयों में संस्कृति उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में निहित सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और कला, साहित्य एवं लोकसंस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देना है। यह उत्सव पूरी तरह ओपन टू ऑल है, जिसमें सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ भाग ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी यूपीसंस्कृति डाट कॉम पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं, वहीं कार्यक्रम स्थल पर मौके पर पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। संस्कृति उत्सव के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी, जिनमें छात्र अपनी कला, सृजनात्मकता और अभिव्यक्ति का प्रदर्शन कर सकेंगे। आयोजन से संबंधित सभी दिशा-निर्देश, नियम एवं कार्यक्रम विवरण आयोजक द्वारा जारी सूचना एवं पीडीएफ में उपलब्ध कराए गए हैं। संस्कृति उत्सव का आयोजन जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय सीतापुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजापुर, आदर्श इंटर कॉलेज मानिकपुर तथा श्री सुंदर सिंह पटेल स्मृति इंटर कॉलेज लालतारोड सहित चारों तहसीलों के चयनित विद्यालयों में किया जाएगा। आयोजकों ने विद्यालयों, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अधिकाधिक सहभागिता कर संस्कृति उत्सव 2025-26 को सफल बनाने की अपील की है।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने-कटाने का मौका दावे-आपत्तियों के लिए एक माह का अवसर

● विशेष अभियान 18 जनवरी का

● ऑनलाइन-ऑफलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध

**चित्रकूट।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार जिले में निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 6 जनवरी को 236-चित्रकूट एवं 237-मानिकपुर विधानसभा क्षेत्रों के सभी पदाभिहित एवं मतदान स्थलों पर कर दिया गया है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि इस प्रकाशन के साथ ही मतदाता सूची में दावे और आपत्तियां दर्ज करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है, जो 6 फरवरी तक चलेगी। इस अवधि में फार्म-6, फार्म-7 और फार्म-8 संबंधित बूथों पर नियुक्त अधिकारियों द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक प्राप्त किए जा रहे हैं।

निर्वाचन आयोग द्वारा 18 जनवरी (रविवार) को विशेष अभियान तिथि निर्धारित की गई है। इस दिन सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहेंगे, मतदाता सूची का वाचन करेंगे और नामों का सत्यापन कर दावे-आपत्तियां स्वीकार करेंगे। इस प्रक्रिया में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, नगर निकाय सदस्यों, ग्राम प्रधानों, बूथ लेवल एजेंटों और स्थानीय प्रतिनिधियों से सहयोग लेने के भी निर्देश दिए गए हैं। आलेख्य मतदाता सूची 6 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक सभी मतदान केन्द्रों पर आम जनता के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी। मतदाता आयोग की वेबसाइट के जरिए भी अपने नाम और विवरण की जांच कर सकते हैं। सूची जिला निर्वाचन अधिकारी पोर्टल पर भी उपलब्ध रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र नागरिक ऑनलाइन या ऑफलाइन फार्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन कार्यालय चित्रकूट के टोल फ्री नंबर 05198-298090-1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

## कर्वी में घर से लाखों के जेवरात चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**चित्रकूट।** जिले के कर्वी कोतवाली क्षेत्र में मकर संक्रांति के त्योहार पर चोरी की बड़ी वारदात सामने आई। चुन्नी देवी, पत्नी स्व प्रेमनारायण गर्ग, जब अपने भाई के घर बेड़ीपुलिया गई थीं, उसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर करीब 25 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। चोरी हुए जेवरात में दो सोने की अंगूठियां, एक चेन, झुमकी, दो मंगलसूत्र, चांदी की पायल, बिछुआ और लगभग 50 चांदी के सिक्के शामिल हैं। घटना की सूचना पर मोहल्ले में लोगों की भीड़ जमा हो गई। पीड़िता ने कर्वी कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में चिंता बढ़ गई है और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग उठ रही है। चोरी का अनुमानित मूल्य लगभग 5 लाख रुपये है।

# गौशालाओं में बदहाली प्रशासनिक लापरवाही का खुला सबूत करोड़ों खर्च मगर जमीनी हकीकत शर्मनाक : शंकर यादव

● कागजों में गौ सेवा, जमीन पर बदहाली

● हकीकत में लापरवाही व अमानवीय हालात

● सरकारी दावे खोखले

**अखंड भारत संदेश**



गौसेवकों को सम्मानित करते समाजसेवी शंकर यादव

**चित्रकूट।** जिले में गौशालाओं की बदहाल व्यवस्था के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धीरज त्रिपाठी और उनकी पूरी टीम को गौ रक्षा के क्षेत्र में सक्रिय और जमीनी संघर्ष के लिए सम्मानित किया गया। नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी के सभासद एवं समाजसेवी शंकर यादव ने जिला अध्यक्ष धीरज त्रिपाठी, जिला प्रभारी पद्मेंद्र त्रिपाठी और जिला महामंत्री धीरेंद्र मिश्रा को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित करते हुए स्पष्ट कहा कि सरकार करोड़ों रुपये गौ सेवा पर खर्च कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर तस्वीर शर्मनाक है।

शंकर यादव ने दो टूक कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेशभर में गौ माता की रक्षा के लिए गौशालाओं का निर्माण कराया गया, खान-पान, चारा-भूसा, दवा और आवास की व्यवस्था के लिए बजट भी दिया गया, फिर भी कुछ प्रधान और सचिव सरकारी मंशा को पलीता लगा रहे हैं। कई गौशालाओं में गौवंश भूखा-प्यासा है, ठंड से बचाव के लिए तिरपाल तक नहीं, और पीने के पानी की टंकियां बदहाली की गवाही दे रही हैं। इन्हीं हालातों से आहत होकर जिला अध्यक्ष धीरज त्रिपाठी अपनी टीम के साथ गांव-गांव जाकर गौशालाओं की जमीनी हकीकत सामने ला रहे हैं। जहां भी लापरवाही मिल रही है, वहां जिम्मेदारों को सीधे चेताया जा रहा है। त्रिपाठी ने बताया कि लगातार निरीक्षण और दबाव के चलते 20 से 25 प्रतिशत गौशालाओं में सुधार हुआ है, लेकिन शेष में हालात अब भी चिंताजनक हैं। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि गौ सेवा में लापरवाही अब नहीं चलेगी। सड़क पर घूम रही हर गौ माता किसी न किसी गौशाला से जुड़ी है, इसलिए ठंड में एक भी गौवंश अन्ना मिला तो जिम्मेदार बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि जहां अन्याय दिखे, वहां चुप न रहें, क्योंकि गौ रक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, धर्म है।

# जानकीकुण्ड में रामरत्नेश्वर महादेव का चतुर्थ पाटोत्सव, वैदिक विधियों के साथ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



महादेव के चतुर्थ पाटोत्सव पर पूजा करते भक्तगण

**चित्रकूट।** जिले के जानकीकुण्ड स्थित परमहंस संत रणछोड़दास जी महाराज की पावन कर्मस्थली पर स्थित श्री रघुबीर मंदिर ट्रस्ट (बड़ी गुफा) के तत्वावधान में रामरत्नेश्वर महादेव का चतुर्थ पाटोत्सव श्रद्धा, भक्ति और वैदिक परंपराओं के अनुरूप आयोजित किया गया। प्रातःकाल मंदिर परिसर के शिवालय में विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन के साथ उत्सव का शुभारंभ हुआ, जहां सामूहिक ह्यओम नमः शिवायह्न के मंत्रोच्चार के बीच लघु रुद्राभिषेक संपन्न कराया गया। गुरुकुल के विद्यार्थियों और वैदिक आचार्यों द्वारा रुद्राष्टाध्यायी का सस्वर पाठ किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक भाव से भर उठा। इसके उपरांत आयोजित रुद्रयज्ञ में उपस्थित संत-महंतों, यजमानों, सद्गुरु परिवार के सदस्यों तथा गुरुभाई-बहनों ने श्रद्धापूर्वक आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण और शांति की कामना की। समापन अवसर पर भगवान श्री रामरत्नेश्वर महादेव का विधिवत श्रृंगार कर प्रसाद भोग अर्पित किया गया और महाआरती के साथ पाटोत्सव का समापन हुआ। इस अवसर पर ट्रस्टी डॉ. ईलेश जैन, शिक्षा समिति अध्यक्ष श्रीमती उषा जैन सहित अनेक गणमान्यजन, वैदिक आचार्य, शिक्षक, गुरुकुल छात्र एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ पत्रकार मंझे में फंसने से गंभीर रूप से घायल, इलाज के लिए बांदा रेफर

**चित्रकूट।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार सुखेन्द्र अग्रहरि बुधवार दोपहर एक गंभीर हादसे का शिकार हो गए जब पतंग उड़ाने के दौरान इस्तेमाल होने वाला चाइनीज मंझा उनके लिए बडी मुसीबत बन गया। दोपहर करीब, अपने घर से ऑफिस जाते समय, शंकर बाजार ओवर ब्रिज पर अचानक टूटी पतंग का मंझा उनकी नाक में फंस गया। तेज खिंचाव से उनकी नाक और मुह में गंभीर कट लग गया। उन्हें तत्काल कर्वी के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बाँदा रिफर कर दिया गया। स्थानीय लोग और पत्रकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि चाइनीज मंझे की बिक्री पर रोक लगनी चाहिए। इस धागे में अक्सर कांच मिश्रित होता है, जो पतंग काटने में कारगर होता है, लेकिन इंसान के गले, नाक या मुंह में फंसने पर गंभीर चोट का कारण बनता है। पिछले वर्षों में भी कई ऐसे हादसे दर्ज किए गए हैं, जिसमें लोग घायल या मौत के मुंह में जा चुके हैं। प्रशासन और दुकानदारों से इस खतरनाक मंझे की बिक्री पर कड़ाई की मांग उठ रही है। डाक्टरों ने बताया कि फिलहाल वो खतरे से बाहर है।

## जिले के तीर्थ व पर्यटन स्थलों पर विकास की बड़ी कार्ययोजना, सुविधाओं के लिए करोड़ों की मंजूरी

● सात योजनाएं स्वीकृत

● महर्षि वाल्मीकि आश्रम से रामघाट तक

**चित्रकूट।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद के तीर्थ एवं पर्यटन स्थलों के विकास को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की अनुपूरक कार्ययोजना के तहत महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। उत्तर प्रदेश श्री चित्रकूटधाम तीर्थ विकास परिषद के विशेष कार्याधिकारी अजय कुमार ने बताया कि पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए परिषद को सात प्रमुख योजनाएं आवंटित की गई हैं। परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के अनुसार शासन की मंशा के अनुरूप ग्राम लालापुर स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम के समग्र विकास के साथ-साथ जनपद के अन्य प्रमुख तीर्थ और पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय पर्यटन गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। स्वीकृत योजनाओं में पालेश्वरनाथ मंदिर पहाड़ी के पर्यटन विकास हेतु 150 लाख रुपये, सीतापुर-खोही चैराहे के पास पर्यटन सुविधा केंद्र की स्थापना के लिए 200 लाख रुपये तथा रामघाट पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए होल्डिंग एरिया विकास एवं निगरानी प्रणाली की व्यवस्था हेतु 300 लाख रुपये शामिल हैं। इसके अतिरिक्त राम शैय्या के पर्यटन विकास और पर्यटक सुविधाओं के निर्माण पर 300 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। महर्षि वाल्मीकि आश्रम, लालापुर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 400 लाख रुपये, तमसा गंगा नदी पर वाल्मीकि घाट निर्माण और पर्यटन सुविधाओं के सृजन हेतु 900 लाख रुपये तथा वाल्मीकि आश्रम परिक्रमा पथ और आरती स्थल के निर्माण के लिए 500 लाख रुपये की योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर चित्रकूट के तीर्थ और पर्यटन ढांचे में व्यापक परिवर्तन की संभावना जताई जा रही है।

## स्कूलों में फर्नीचर और लैब उपकरण खरीद को हरी झंडी

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा माध्यमिक द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में जनपद के शैक्षिक संस्थानों में आधारभूत एवं व्यावसायिक संसाधनों को सुदृढ़ करने की प्रक्रिया शुरु की गई है। इसके तहत दो नवीन राजकीय विद्यालय- राजकीय हाई स्कूल अशोह एवं राजकीय हाई स्कूल लोहदा- के लिए फर्नीचर एवं प्रयोगशाला उपकरण जैम पोर्टल के माध्यम से क्रय किए जाएंगे। प्रत्येक विद्यालय के लिए 6.14 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त, केन्द्रपुरोनिधानित व्यावसायिक शिक्षा योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए चयनित 12 राजकीय एवं 4 अशासकीय सहायता प्राप्त कुल 16 माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक ट्रेडों से संबंधित लैब उपकरणों की खरीद को भी स्वीकृति दी गई है। इन विद्यालयों में कुल 32 ट्रेड संचालित किए जाने प्रस्तावित हैं, जिनके लिए प्रति ट्रेड 2.50 लाख रुपये की दर से कुल 80 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। हालांकि, संबंधित धनराशि अभी अवमुक्त नहीं हुई है। अधिकारियों के अनुसार जैम पोर्टल के माध्यम से उपकरण क्रय की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद धनराशि जारी की जाएगी, जिसके लिए जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक अनुमति प्रदान की जा चुकी है।

# जननी सुरक्षा और मातृत्व योजनाओं के आंकड़ों में बढ़त, मगर चुनौतियां बरकरार

● संस्थागत प्रसव में चित्रकूट अव्वल

● लक्ष्य हासिल करने की समय-सीमा तय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जननी सुरक्षा योजना और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चालू वर्ष में चित्रकूट के आंकड़े उल्लेखनीय रहे हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार संस्थागत प्रसव के मामले में चित्रकूट ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। बीते नौ महीनों में जिले में कुल 14,967 संस्थागत प्रसव दर्ज किए गए, जिनमें से 11,408 प्रसूताओं को मिलने वाली धनराशि का लगभग 20.30 प्रतिशत भुगतान डीबीटी के माध्यम से खातों में भेजा जा चुका है। शेष लाभार्थियों का भुगतान राज्य मुख्यालय से बजट सीमा प्राप्त होने के बाद किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी के अनुसार इस वर्ष 21,960 पंजीकृत गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष 14,978 संस्थागत प्रसव हुए, जो लगभग 68 प्रतिशत है, जबकि शेष लक्ष्य मार्च 2025 तक पूरा करने का दावा किया गया है। उन्होंने बताया कि अब लोग संस्थागत प्रसव के महत्व को पहले से अधिक समझने लगे हैं। प्रदेश में मातृ मृत्यु दर 1,000 जीवित जन्म पर 141 दर्ज की गई है, वहीं चित्रकूट में संभावित 48 के मुकाबले 14 मातृ मृत्यु दर्ज हुई है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 32,557 गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण का लक्ष्य तय किया गया है, जिसके सापेक्ष दिसंबर 2025 तक 19,790 महिलाओं को चिन्हित किया गया। अभियान के दौरान 18,839 महिलाओं की एमबीबीएस चिकित्सकों द्वारा जांच कराई गई और 12,078 अल्ट्रासाउंड किए गए, जिनमें सरकारी और निजी संस्थानों में निःशुल्क सेवाएं शामिल रहीं। प्रत्येक माह विशेष तिथियों पर 15 चिकित्सा इकाइयों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है, जहां जांच, परामर्श और आवश्यक उपचार की व्यवस्था की जाती है, ताकि गर्भवती महिलाओं को समय पर सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

## बिना उपखनिज भंडारण लाइसेंस स्टोन क्रेशर नहीं चलेंगे, टास्क फोर्स को सख्त आदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने जनपद में गठित तहसील स्तरीय टास्क फोर्स को निर्देश जारी करते हुए कर्वी तहसील में संचालित स्टोन क्रेशर्स की जांच के आदेश दिए हैं। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि बिना उपखनिज भंडारण लाइसेंस कोई भी स्टोन क्रेशर संचालित न होने पाए। जिलाधिकारी ने आदेशों के कड़ाई से अनुपालन के निर्देश देते हुए अवैध खनन एवं अवैध परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों और वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।

# डायट शिवरामपुर में आईसीटी लैब व स्मार्ट क्लास की शुरूआत, प्रशिक्षण को मिला तकनीकी आधार

**डिजिटल पेडागॉजी की ओर कदम**




डायट में डिजिटल संसाधन के साथ बीएसए

**चित्रकूट।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश के निदेशों के क्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) शिवरामपुर चित्रकूट में आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लास की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कार्यदाई संस्था श्रीट्रान इंडिया लिमिटेड द्वारा 01 जनवरी 2026 को संस्थान को आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लास के लिए आवश्यक अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए गए। इनमें तीन इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल, दस डेस्कटॉप कंप्यूटर, दस टीएफटी मॉनीटर, दो लैपटॉप, ओपीएस यूनिट, यूपीएस, मल्टीफंक्शन प्रिंटर, वेब कैमरे, वाई-फाई राउटर, प्रोजेक्टर, स्क्रीन एवं पीए सिस्टम शामिल हैं। डायट के प्राचार्य बीके शर्मा ने बताया कि इन संसाधनों के माध्यम से शिक्षक प्रशिक्षण को अधिक सहभागितापूर्ण, व्यवहारिक और तकनीक-सक्षम बनाया जा सकेगा। स्मार्ट क्लास में डिजिटल कंटेंट, ऑनलाइन संसाधन, सिमुलेशन और लाइव डेमो का प्रयोग संभव होगा, वहीं कंप्यूटर व इंटरनेट सुविधाओं से ऑनलाइन एवं हाइब्रिड प्रशिक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। विशेष रूप से डीएलएड प्रशिक्षुओं को डिजिटल पेडागॉजी, ई-लर्निंग टूल्स और तकनीक आधारित शिक्षण विधियों का प्रत्यक्ष अभ्यास करने का अवसर मिलेगा। डायट शिवरामपुर में स्थापित यह आईसीटी लैब शिक्षक-शिक्षा को तकनीकी रूप से सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस कदम मानी जा रही है।

# सामने थे मोदी, तभी अचानक भारत के दो जिगरी दोस्त की बुराई करने लगे जर्मनी के चांसलर




**जर्मन**

**जर्मनी** के चांसलर फेडरिक मर्ज भारत के दौरे पर आय और यहा उन्होने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की दविपक्षीय बैठक की इस बैठक में कई बडी सहमतिया दोन देशो के बीच में बनी है लेकिन साझा प्रेस कॉन्फरन्स के दौरान फेडरिक मर्ज ने भारत के दोस्तो की बुराई उसी की जमीन पर की है पहली बुराई तो रूस की रही जहा फेडरिक मर्ज ने पीएम मोदी के साथ साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में यूक्रेन पर रूस के द्वारा कि गय हमले को लेकर सवाल उठाया और ये कहा की हम भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी इसलिए भी मजबूत करना चाहते है ताकी भारत रूस पर से अपनी निर्भरता कम कर सके।

प्रधानमंत्री मोदी और जर्मन चांसलर ने अहमदाबाद में साबरमती नदी तट पर खुली गाड़ी में सैर की और पतंग उड़ाने का भी प्रयास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात सरकार द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव-2026 का उद्घाटन किया। पिछले साल दिसंबर में प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दौरे के दौरान हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करने के लिए प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया था और दोनों ने 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास तक एक ही कार में यात्रा की थी।

जर्मन चांसलर ने पीएम मोदी से ईरान पर बात की। उन्होंने कहा कि ईरान में लोगों पर ईरानी सरकार हिंसा कर रही है। लोगों के अधिकारों को ईरान में कुचला जा रहा है। मर्ज ने बताया कि भारत और जर्मनी मुक्त व्यापार और ओपन मार्केट के सिद्धांतों पर फोकस कर रहे हैं, क्योंकि दुनिया में संरक्षणवाद का दौर फिर से शुरू हो रहा है। भारत और जर्मनी बड़ी ताकतों द्वारा सप्लाई चेन और कच्चे माल को ताकत के तौर पर इस्तेमाल करने का विरोध करते हैं।

बातचीत के जरिय आम सहमती के जरिए रास्ता निकालने की पैरोकारी करता रहा है। लेकिन भारत की जमीन पर खडे होकर ईरान के खिलाफ बयान देना, रूस के खिलाफ बयान देना और भारत रूस की विशेष रणनीतिक जो दोस्ती है उसको कम करने के लिए अपनी साझेदारी बढाने की बात कहना वाकई में चर्चा का विषय है और यही वजह है इस पर खूब चर्चा भी रही है।

# पीएम मोदी-जर्मन चांसलर एक ही कार में सवार, अचानक होने लगी ईरान पर चर्चा



**जर्मनी**


**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, ने सोमवार को गुजरात में अपने कार्यक्रमों के बाद एक साथ कार में यात्रा की। यह दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंधों और दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी को दशार्ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मुलाकातों के बाद कार में मर्ज.के साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में कहा कि साझा मूल्यों, व्यापक सहयोग और आपसी समझ के माध्यम से भारत और जर्मनी के बीच मित्रता लगातार बढ़ रही है। जर्मन चांसलर ने पीएम मोदी से ईरान पर बात की। उन्होंने कहा कि ईरान में लोगों पर ईरानी सरकार हिंसा कर रही है। लोगों के अधिकारों को ईरान में कुचला जा रहा है।

आज सुबह प्रधानमंत्री मोदी और जर्मन चांसलर ने अहमदाबाद में साबरमती नदी तट पर खुली गाड़ी में सैर की और पतंग उड़ाने का भी प्रयास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात सरकार द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव-2026 का उद्घाटन किया। पिछले साल दिसंबर में प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दौरे के दौरान हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करने के लिए प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया था और दोनों ने 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास तक एक ही कार में यात्रा की थी।

इस बीच, जर्मन चांसलर के साथ यह बातचीत मर्ज. की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान हुई, जो राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष और भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोहों के साथ हुई। इस यात्रा में उच्च स्तरीय वाताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अहमदाबाद में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव 2026 जैसे आयोजनों में संयुक्त भागीदारी भी शामिल थी।

प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर मर्ज. ने व्यापार और निवेश, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, रक्षा, जलवायु परिवर्तन और जन-संबंधों सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा करने के लिए प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। एक साथ कार में यात्रा करना और सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणियां दोनों नेताओं के बीच व्यक्तिगत सौहार्द और भारत और जर्मनी के बीच गहरे होते संबंधों का प्रतीक मानी गईं।


# जर्मनी के लिए खुले नए दरवाजे



**जर्मनी**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि भारत और जर्मनी, दोनों देशों ने अपनी आर्थिक साझेदारी को "असीमित" सहयोग में बदलने का निर्णय लिया है, जिसके तहत रणनीतिक क्षेत्रों में भी गहन सहयोग का विस्तार किया जाएगा। भारत-जर्मनी सीईओ फोरम में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि चांसलर मर्ज. द्वारा एशिया की अपनी पहली यात्रा के लिए भारत को चुनना, जर्मनी की विविधीकरण रणनीति में भारत की केंद्रीय भूमिका को दशार्ता है और उच्च स्तर के विश्वास का संकेत देता है। उन्होंने कहा कि हमने इस निर्बाध आर्थिक साझेदारी को असीमित बनाने का निर्णय लिया है। इसका अर्थ है कि पारंपरिक आर्थिक क्षेत्रों के साथ-साथ अब रणनीतिक क्षेत्रों में भी गहन सहयोग होगा। रक्षा क्षेत्र में, हम आज एक संयुक्त आशय घोषणापत्र पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा, अंतरिक्ष, खनन और परमाणु ऊर्जा सहित रणनीतिक क्षेत्रों में व्यापक सुधारों के चलते भारत 8 प्रतिशत से अधिक की विकास दर बनाए हुए है। अनुपालन संबंधी बोझ में कमी और व्यापार करने में सुगमता में वृद्धि ने भारत को विकास और आशावाद के वैश्विक प्रतीक के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता जल्द ही साकार होने की उम्मीद है, जो व्यापार, निवेश और द्विपक्षीय साझेदारी के लिए एक नया अध्याय खोलेगा। प्रधानमंत्री ने जर्मन उद्योग को भारत की विशालता और गति के साथ अपनी सटीकता और नवाचार को एकीकृत करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने मंच को आश्वासन दिया।

# आतंकवाद पूरी मानवता के लिए खतरा, मोदी का ऐलान-जर्मनी-भारत मिलकर इससे लड़ेंगे



**जर्मन**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज. की उपस्थिति में भारत और जर्मनी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम एकमत हैं कि आतंकवाद पूरी मानवता के लिए एक गंभीर खतरा है। भारत और जर्मनी इसके विरुद्ध एकजुट होकर पूरी दृढ़ता से लड़ाई जारी रखेंगे। भारत और जर्मनी सहमत हैं कि वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार अत्यंत महत्वपूर्ण है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए ऋ4 के माध्यम से हमारा संयुक्त प्रयास इसी सोच का प्रमाण है। आज हमने यूक्रेन और गाजा सहित कई वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। भारत सभी समस्याओं और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का पक्षधर रहा है और इस दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है। पीएम मोदी ने कहा कि रक्षा और सुरक्षा में बढ़ता सहयोग हमारे आपसी भरोसे और साझी सोच का प्रतीक है। रक्षा व्यापार से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए मैं चांसलर मर्ज.का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। हम रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए एक रोडमैप पर भी काम करेंगे, जिससे सह-विकास और सह-उत्पादन के नए अवसर खुलेंगे।

# अपनी धमकी अपने जेब में रखो अमेरिका, भयंकर ढंग से ट्रंप पर भड़का भारत



**अमेरिका**

**जब** अमेरिका की तरफ से 500% टेरिफ लगाने की धमकी आई तो भारत में ना घबराहट दिखी ना हड़बड़ी बल्कि आया एक ठंडा सधा और आत्मविश्वास से भरा जवाब। पिछले कई महीनों से भारत अमेरिका ट्रेड डील को लेकर चर्चाएं तेज है। कभी कहा जाता है डील फाइनल होने वाली है तो कभी बस आखिरी बातचीत बाकी है। लेकिन सच्चाई यह है कि अब तक इस ट्रेड डील पर कोई अंतिम मोहर नहीं लग पाई। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर वही पुराना हथियार निकाला टेरिफ की धमकी। इस बार बाद 10 या 20% की नहीं सीधे 500% टैरिफ लगाने की चेतावनी भारत को दी। अब ट्रंप का यह बयान आते ही बाजारों में हलचल मच गई। पॉलिसी सर्कल में चर्चाएं तेज हो गई और मीडिया में डर का माहौल लगने लगा। सवाल उठने लगे। क्या भारत की ग्रोथ पर असर पड़ेगा?

लेकिन तभी आई एक बेहद ठोस और सदी हुई आवाज सामने आई। आरबीआई की एमपीसी की पूर्व सदस्य और जानीमानी अर्थशास्त्री आशिमा गोयल ने इस मुद्दे पर सीधा और बेबाक बयान दिया। उन्होंने साफ कहा इंडिया यूएस ट्रेड डील में देरी से भारत को घबराने की कोई जरूरत नहीं है और यहीं से पूरी कहानी पलट गई। आशिमा गोयल ने आगे कहा यह मान लेना ही गलत है कि अगर अमेरिका के साथ ट्रेड डील नहीं हुई तो भारत की अर्थव्यवस्था रुक जाएगी। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा भारत की आर्थिक ग्रोथ, भारत की डिमांड और भारत का इनोवेशन अमेरिका के भरोसे नहीं टिका है। आशिमा गोयल ने इस मानसिकता की वजह भी बताई। उनके मुताबिक अमेरिका से बहुत ज्यादा डाटा आता है। वहां से बड़ी मात्रा में एफडीआई आता है। अमेरिकी पॉलिसी पर मीडिया फोकस होता है। इसलिए हमें लगने लगता है कि दुनिया वहीं से चल रही है। लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। आशिमा गोयल ने एक बेहद अहम आंकड़ा साझा किया। उन्होंने कहा आज ग्लोबल ग्रोथ का 50% से ज्यादा हिस्सा उभरते बाजारों से आता है। भारत, एशिया, अफ्रीका और मिडिल ईस्ट से जो आज दुनिया की आधी से ज्यादा रफ्तार तय कर रहे हैं। आशमा गोयल ने कहा कि अगर कोई देश यह मान ले कि दुनिया उसकी शर्तों पर चलेगी, तो बाकी देश अपने विकल्प तलाश लेते हैं। यानी अगर दबाव डाला जाए, धमकी दी जाए और टेरिफ से डराया जाएगा तो देश नए रास्ते बना लेंगे और भारत आज यही कर रहा है। आज भारत के पास एशिया में मजबूत ट्रेड पार्टनर्स है। अफ्रीका में बढ़ता बाजार है और साउथ अमेरिका में नए मौके हैं।

# ट्रंप का बड़ा दांव, मार्को रूबियो बनेंगे क्यूबा के राष्ट्रपति?



**अमेरिका**

**यूनाइटेड** स्टेट और लैटिन अमेरिका के बीच तनाव अब अपने चरम पर पहुंच चुके हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक ऐसा बयान दिया है, जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया है। ट्रंप ने खुले तौर पर ऐलान किया है कि मार्को रूबियो को क्यूबा का अगला प्रेसिडेंट होना चाहिए। वेनेजुएला के लीडर निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए चलाए गए अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन के ठीक बाद अब ट्रंप की नजर क्यूबा पर है। ट्रंप ने साफ शब्दों में क्यूबा को वॉर्निंग दी है। उनका कहना है कि या तो क्यूबा अमेरिका के साथ निगोसिएट करे या फिर गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे।

ट्रंप का दावा है कि मादुरो के पकड़े जाने के बाद क्यूबा की वेनेजुएला के तेल पर डील अब पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। यानी आर्थिक तौर पर क्यूबा की कमर टूट चुकी है।

अब उसके पास अमेरिका की शर्तों को मानने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। लेकिन अमेरिका के इस आक्रमक रवैये पर लैटिक अमेरिकी नेता भी खुलकर अपने बयान दे रहे हैं। उन्होंने अमेरिका की बयानबाजी की कड़ी निंदा की है। उनका कहना है कि ये उनके क्षेत्र में अमेरिका की सीधी दखलअंदाजी और भड़काऊ रवैया है।

# भारत आ सकते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति, दिल्ली में दस्तक देते ही ट्रंप के खास ने किया खुलासा



अमेरिका

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को पदभार ग्रहण करने के बाद अपने संबोधन में घोषणा की कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले एक-दो वर्षों में भारत का दौरा करेंगे। व्यापार और शुल्क संबंधी तनावों के बीच, गोर ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मित्रता वास्तविक है और सच्चे मित्र अपने मतभेदों को सुलझा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ पूरी दुनिया की यात्रा की है और मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी मित्रता सच्ची है। संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत न केवल साझा हितों से बंधे हैं, बल्कि एक ऐसे रिश्ते से भी बंधे हैं जो उच्चतम स्तर पर आधारित है। सच्चे मित्र असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में हमेशा अपने मतभेदों को सुलझा लेते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले एक-दो वर्षों में भारत का दौरा करेंगे। अपने संबोधन के दौरान, राजदूत ने एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम का भी अनावरण किया और घोषणा की कि भारत को अगले महीने पैक्ससिलिका में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। पैक्ससिलिका संयुक्त राज्य अमेरिका की नवीनतम पहल है जिसका उद्देश्य एक सुरक्षित और नवाचार-संचालित वैश्विक सिलिकॉन और सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण करना है। गोर ने बताया कि यह समूह महत्वपूर्ण खनिजों, ऊर्जा इनपुट, उन्नत विनिर्माण, सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता अवसंरचना और रसद में सहयोग को एकीकृत करना चाहता है।

गोर ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत को अगले महीने पैक्ससिलिका में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा," उन्होंने आगे कहा कि इस पहल में पहले से ही जापान, दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम और इजराइल शामिल हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का शामिल होना वैश्विक प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में इसके बढ़ते प्रभाव को दशार्ता है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025


प्रबन्धक
अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.: 9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# शक्सगाम घाटी को लेकर भारत-चीन के बीच तनाव, सीपीईसी के लिए निर्माण कार्य पर एमईए की चेतावनी



**पाकिस्तान**

**अंतरराष्ट्रीय** कूटनीति में एक कहावत है कि जहां पर आपका ध्यान है वहां पर कुछ नहीं होता और जहां पर आपकी नजरें नहीं जाती असली खेल वहीं हो रहा होता है। भारत के तमाम डिफेंस एक्सपर्ट हो या फिर पॉलिटिकल एनालिसिस जो करने वाले हैं वह हैं। सबका ध्यान ईरान तो वेनेजुएला तो अमेरिका तो ट्रंप तो यूक्रेन रूस ये सब पे रहा लेकिन हम चूक गए हैं। हमारा ध्यान चीन की तरफ नहीं गया और इस बीच चीन ने खेला कर दिया। खेला हुआ नहीं है लेकिन खेला करने की तैयारी भरपूर थी। कुछ दिनों पहले आपने सुना होगा कि अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन ने अपना दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। अरुणाचल प्रदेश के एक दो नागरिकों को अपने यहां पकड़ा और यह कहा कि भाई ये तुम्हारा भारतीय पासपोर्ट यहां काम नहीं करेगा क्योंकि अरुणाचल चीन का हिस्सा है।

अरुणाचल पे हमारा दावा आज भी है और ठोस दावा है। अरुणाचल पर प्रेशर बढ़ाते-बढ़ाते चीन ने एक और कांड कर दिया। अ सुदूर जब आप लेह लद्दाख जाते हैं ना तो जिस भाग को पाकिस्तान ने चीन को दिया था यानी अक्साई चीन का इलाका उसका और हमारे जम्मू कश्मीर के इलाके के बीच एक वैली है वैली घाटी जिसका नाम है शक्सगाम घाटी। अब चीन ने वहां पे रोड बनाना शुरू कर दिया। अचानक सेटेलाइट की तस्वीरें आई और सेटेलाइट तस्वीरों में यह नजर आने लगा कि चीन तो बड़े धड़ल्ले से शक्षगाम घाटी में रोड बना रहा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा हम तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को भी मान्यता नहीं देते, क्योंकि यह भारतीय क्षेत्र से होकर गुजरता है जिसपर पाकिस्तान का अवैध और जबरन कब्जा है। जायसवाल की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ह्लसबसे पहले तो जिस क्षेत्र का आप उल्लेख कर रहे हैं, वह चीन का हिस्सा है।ह्व उन्होंने कहा, ह्लअपने ही क्षेत्र में चीन की बुनियादी ढांचा गतिविधियां बिल्कुल उचित हैं। माओ ने कहा कि चीन और पाकिस्तान ने 1960 के दशक में सीमा समझौता किया था और दोनों देशों के बीच सीमा तय की गई थी। उन्होंने कहा कि यह संप्रभु देशों के रूप में चीन और पाकिस्तान का अधिकार है।

सीपीईसी को लेकर भारत की ओर से आलोचना किए जाने पर माओ ने बीजिंग के पुराने रुख को दोहराते हुए कहा कि यह एक आर्थिक पहल है, जिसका उद्देश्य स्थानीय आर्थिक व सामाजिक विकास करना और लोगों की जीवन में सुधार लाना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के समझौते और सीपीईसी से कश्मीर मुद्दे पर चीन के रुख पर कोई असर नहीं पड़ेगा और इस मामले में चीन का रुख अपरिवर्तित है। कश्मीर मुद्दे पर चीन का आधिकारिक रुख यह है कि जम्मू-कश्मीर विवाद लंबे समय से चला आ रहा है और इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर,सुरक्षा परिषद के संबंधित प्रस्तावों और द्विपक्षीय समझौतों के अनुसार उचित व शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाया जाना चाहिए। चीन इस रुख को दोहराता रहा है। शक्सगाम घाटी में चीन की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से जुड़े एक सवाल के जवाब में जायसवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा हैं। यह बात पाकिस्तानी और चीनी अधिकारियों को कई बार स्पष्ट रूप से बताई जा चुकी है।